## शहर में आज



☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट का अधिष्ठापन समारोह दिल्ली रोड स्थित राही होटल में रात 8:30 बजे।

☞ कालीमंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 7:00 बजे।

## एक नजर

### नदी के बढ़ते जलस्तर ने किसानों की चिंता बढ़ाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में पिछले साल के मुकाबले इस साल की शुरुआत में ही एक तिहाई बरसात हो गई है। यानी पिछले साल के मुकाबले इस साल मानसून ने पहले ही दस्तक दे दी है। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही बरसात से रामगंगा का जलस्तर बढ़ गया है। रामगंगा नदी के लगातार बढ़ रहे इस जलस्तर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच आई हैं। किसान चिंतित हैं क्योंकि पिछले साल बारिश की वजह से रामगंगा का जलस्तर बढ़ जाने से मूंढापांडे से सटे करीब दर्जन भर से अधिक गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। जबकि कटघर एरिया के करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में पानी भर गया था। बाढ़ जैसी स्थिति बनने से ग्रामीणों की सैंकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो गई थी। अबकी बार रामगंगा से सटे गांवों को अधिक पानी बढ़ने का खतरा सता रहा है। महानगर के कटघर, मूंढापांडे, डिलारी और ठाकुरद्वारा क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों को हर साल बाढ़ का सामना करना पड़ता है। हालांकि अभी बारिश ज्यादा नहीं हुई है और रामगंगा भी खतरे के निशान से नीचे है। लेकिन, अगर ज्यादा बारिश हुई तो फिर एक बार किसानों को बाद जैसे हालात का सामना करना पड़ सकता है।

### केजीके होम्योपैथी कॉलेज के प्राचार्य ने कार्यभार संभाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को महानगर के लाइनपार स्थित राजकीय केजीके होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने कार्यभार संभाल लिया। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कॉलेज के प्राचार्य नियुक्त हुए डॉ. प्रमोद कुमार सिंह अभी तक राजस्थान में कार्यरत थे। होम्योपैथी कॉलेज में एनॉटॉमी के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णवीर सिंह समेत शिक्षकों व स्टाफ ने उनका स्वागत किया। पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस कुशवाहा, डॉ. राहुल कुमार सिंह, डॉ. निधि तिवारी, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. प्रीति, डॉ. राजकुमार सैनी, डॉ. गौरांग, डॉ. विष्णु, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. एसएस यादव मौजूद रहे।



पॉश कॉलोनी रामगंगा विहार में सड़क पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार



दीनदयाल नगर की टूटी सड़क जो बारिश में लोगों की परेशानी का सबब बनी हुई है। ● अमृत विचार

# रामगंगा विहार में जहां-तहां धंसी सड़कें, पानी भरने से हादसे की आशंका

## पॉश कॉलोनी की सड़क गड्ढों में बारिश का पानी भरने से बनी तालाब, कांठ रोड का भी बुरा हाल, जगह-जगह टूटी सड़कों पर जलभराव से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मानसून की शुरुआती बारिश ने नगर निगम के जलनिकासी के दावे की हकीकत बयां कर दी है। महानगर की अधिकांश कॉलोनियों की गलियां जलमग्न हैं। एमडीए की पॉश कॉलोनी रामगंगा विहार और कांठ रोड का बुरा हाल है। रामगंगा विहार में सड़कें जहां तहां धंसने से बने गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका बढ़ गई है। इसलिए कॉलोनी के नागरिक ही इसे रामगंगा विहार नहीं रामगंगा गड्ढा विहार कह रहे हैं। लेकिन, न तो एमडीए की ओर से कोई सुधि ली जा रही है और न निगम के अधिकारी-कर्मचारी चेत रहे हैं। कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी नागरिकों पर मानसून में आफत बनी है।

रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर में जहां तहां सड़कें धंस गई हैं। इनमें पानी भरने से वाहनों के पहिए फंस रहे हैं। जिससे कई जगह हादसा होते बचा। लोगों ने धक्का मारकर अपनी चार पहिया गाड़ियों को गड्ढों से बाहर निकाला। आशियाना फेज दो, बुद्धि विहार, लाइनपार के रामतलैया में पानी भरने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। कचहरी परिसर में भी लबालब पानी भर गया। इससे अधिवक्ताओं व वादकारियों को परेशानी हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र का कहना है कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से अधिवक्ताओं व वादकारियों को पानी भरने से दिक्कत हुई। नगर निगम प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। वहीं दूसरी ओर विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान में इन पर नियंत्रण की बजाय संक्रामक रोगों के बढ़ने की आशंका बन गई है। नाली के गंदे पानी से होकर लोग गुजर रहे हैं। 72 घंटे के नाला सफाई अभियान का भी दम निकल गया। कमोवेश हर मोहल्ले में बारिश का पानी भरने से लोगों को नारकीय जीवन बिताना पड़ रहा है। रामगंगा विहार के दीनदयाल नगर निवासी अधिवक्ता प्रदीप सक्सेना का कहना है कि नगर आयुक्त से कहने के बाद भी जलनिकासी व टूटी सड़कों के धंसने से बने गड्ढों को नहीं भरा गया है। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार का कहना है कि जलनिकासी के लिए कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे का कहना है कि संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। एंटीलार्वा का छिड़काव भी नालियों में कराई जा रही है।



मुरादाबाद कचहरी परिसर में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### बिजली की आवाजाही ने लोगों को किया परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार तड़के से ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। इसमें आधे महानगर की बिजली गुल हो गई। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि कहीं बड़े फाल्ट नहीं हुए, लेकिन एक-एक घंटे के लिए कई बार बिजली गुल हुई। तड़के चार बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। कुछ कॉलोनियों में पीने के पानी की किल्लत भी रही। उधर, ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली ने लोगों को पूरा दिन परेशान किया। बीते कई दिनों से रोज बारिश हो रही है। लेकिन, बुधवार को शाम 4 बजे तक लगातार बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया। इसमें जहां एक तरफ नगर निगम की तैयारियों की पोल खुली।

# जिले में 212.2 मिलीमीटर बारिश

- तापमान में आई कमी, अधिकतम पारा 29.8 डिग्री और न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस
- मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र में 105.5 मिलीमीटर बारिश में मोहल्लों में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को मानसून की बारिश में महानगर जलमग्न हो गया। पूरे जिले में जहां 212.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड किया गया। वहीं मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र में 105.5 मिलीमीटर बारिश होने से जगह जगह पानी भर गया। बारिश से उमस और गर्मी से राहत मिली। अगले कई दिनों तक मध्यम से भारी बारिश का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

बुधवार की सुबह से पूरे दिन बारिश का क्रम चलता रहा। तेज बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से तो राहत मिली लेकिन, जलभराव से आवाजाही प्रभावित हुई। दिन में बारिश से बचने के लिए लोगों ने छाता और रेनकोट का सहारा लिया। कई लोग पॉलीथिन तानकर जाते दिखे। नदियों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। इसको लेकर जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन भी सतर्क है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बनाए गए बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार पूरे जिले में 212.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र में 105.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। कंट्रोल रूम से बताया गया कि रामगंगा नदी का कटघर पुल के पास जलस्तर 188.310 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि गागन नदी का जलस्तर 189.05, रामगंगा नदी कालागढ़ डैम पर जलस्तर 334.00 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि तहसील स्तर पर भी नदियों के जलस्तर पर नजर रखने के साथ ही जिला मुख्यालय के बाढ़ कंट्रोल रूम से पल-पल की जानकारी ली जा रही है। वहीं कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि अगले चार पांच दिन मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है। नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है। अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कहीं-कहीं बादलों की गरज के साथ बारिश होगी।



बुधवार को हुई झमाझम बारिश में भीग कर जाते स्कूटी सवार। ● अमृत विचार

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में भरा बारिश का पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मानसूनी बारिश ने सोनकपुर स्टेडियम के इंतजामों की पोल खोल दी है। हालात यह है कि बारिश का पानी स्टेडियम के मैदान में जमा हो गया। निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने की वजह से अब खिलाड़ियों को कई दिनों तक अभ्यास से दूर रहना पड़ेगा। आलम यह है स्टेडियम में आसपास के क्षेत्र का पानी भी आ जाता है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में दस से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। यहां 200 से भी ज्यादा खिलाड़ी नियमित अभ्यास को आते हैं। हाल ही में स्मार्ट सिटी के तहत 5.4 करोड़ की लागत से स्टेडियम का सौंदर्यीकरण भी हुआ है। लेकिन, मानसून आते है खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ गई है। क्योंकि यहां बारिश का पानी भर जाता है। बुधवार हुई बारिश के पानी भी यहां भर गया है। पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं है। जिस वजह से अब खिलाड़ियों को कई दिनों तक अभ्यास से दूर रहना पड़ेगा। हालात यह है कि आसपास की कॉलोनियों का पानी भी स्टेडियम में इकट्ठा हो जाता है। क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार का कहना है कि यहां यह परेशानी लंबे समय से बनी हुई है। मैदान आसपास की कॉलोनियों से नीचा है। इसलिए यहां पानी भर जाता है। इसपर अब गंभीरता से काम किया जाएगा।



सोनकपुर स्टेडियम के मैदान में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

- निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने से मैदान में भर जाता है क्षेत्र का पानी

## शिविर में जीआईएस की 57 आपत्तियां निस्तारित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर निगम के कांठ रोड स्थित जोनल कार्यालय पर बुधवार को जीआईएस सर्वे संबंधी आपत्ति निस्तारण व वसूली के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में आई 88 आपत्तियों में से 57 का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिविर में 14,02,000 रुपये का टैक्स व कर वसूला गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार व जोनल कार्यालय के सभी कर्मचारी आदि मौजूद रहे। वहीं इसी क्रम में नगर निगम के डीसीसीसी कंट्रोल रूम में अपर नगर आयुक्त प्रथम ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, कर निर्धारण अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कर समाहर्ता के साथ बैठक की। इसमें शत-प्रतिशत जीआईएस सर्वे लागू कराकर कर वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया।

# बाढ़ राहत शिविरों में उपलब्ध रहेगी एआरवी-एएसवी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बाढ़ एवं बाढ़ के पश्चात संक्रामक रोगों के नियंत्रण एवं उपचार आदि की तैयारी शुरू हो गई है। बाढ़ प्रभावित संवेदनशील, अति संवेदनशील क्षेत्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को नोडल बनाया जा रहा है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को आकस्मिक चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता होती है, जिसके लिए सीएचसी-पीएचसी पर भी इंतजाम किए जा रहे हैं।

बाढ़ और उसके बाद ग्रामीण क्षेत्र व नगर में मुख्य रूप से मलिन बस्तियों में संक्रामक एवं वेक्टर जनित रोगों के प्रसार की संभावनाएं अधिक हो जाती हैं, जिन्हें रोकने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बाढ़ चौकियों पर ड्यूटी के लिए चिकित्सा कर्मचारी को चिह्नित किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी बाढ़ राहत शिविरों में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। सीएमओ ने बताया कि ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन टैबलेट, कीटनाशक, एंटी स्नेक वेनम और शिशुओं के टीकों की जरूरत का आंकलन हो रहा है। सीएमओ ने बताया कि जिला अस्पताल एवं सीएचसी पर बाढ़ प्रभावित रोगियों के लिए आकस्मिक रूप से वृद्धि होने की स्थिति पर शैय्याओं की व्यवस्था करने के निर्देश हुए हैं। साथ ही दवाएं, आईवी फ्लूड्स और ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त तथा प्लेटलेट्स की व्यवस्था कराई जा रही है। सीएमओ ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भ्रमण कर उपचार करने के लिए रैपिड रिस्पांस मोबाइल चिकित्सा दल का गठन किया जा रहा है। इस दल में बाढ़ से संबंधित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्रवाई का अनुभव रखने वाले डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को तैनात किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि बाढ़ का पानी उतरने के पश्चात मक्खी और मच्छर का नियंत्रण किया जाना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस दौरान डायरिया, पेचिस और मच्छर जनित रोग जैसे-डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि फैलने की संभावना बहुत अधिक होती है।

### बाढ़ राहत केंद्र पर रहेगी एंबुलेंस

सीएमओ ने बताया कि उपचार केंद्रों एवं बाढ़ राहत शिविर पर एआरवी (एंटी रेबीज वैक्सीन) टीका के लिए एक भी रोगी आता है तो उसे तत्काल सुविधा दी जाएगी। चूंकि रेबीज रोग शत-प्रतिशत जानलेवा है। चिकित्सा इकाइयों में एएसवी (एंटी स्नेक वेनम) की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक राहत शिविर पर एक-एक एंबुलेंस की सुविधा रहेगी। सभी बाढ़ प्रभावित राजस्व गांव में क्लोरीन टैबलेट एवं ब्लीचिंग पाउडर का डिपो बनाएंगे। उन चिकित्सा केंद्रों पर जहां मौजूद स्टाफ कम है, उसमें अतिरिक्त तैनाती की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ की स्थिति में विस्थापित होने वाले जन समुदाय के लिए बनाए जा रहे राहत शिविरों पर मोबाइल टीमों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविरों में ठहरने वाली गर्भवती महिलाओं एवं टीकाकरण के पात्र बच्चों को टीका की व्यवस्था की जा जाएगी।

### राहत शिविरों पर उपलब्ध रहेंगी दवाएं

उपचार केंद्रों व राहत शिविरों पर इमरजेंसी-ट्रे, आवश्यक दवाएं जैसे-एंटीडायरिल, ओआरएस पैकेट, ज्वर की औषधियां, क्लोरोक्वीन टैबलेट, एंटी-बायोटिक, आईवी फ्लूड्स, मल्टी विटामिन, आई ड्रॉप, डिवर्मिंग टैबलेट, स्किन ऑयंटमेंट एवं एंटी स्केबीज लोशन आदि उपलब्ध रहेंगी।

**सतर्कता** — नाले-नालियों पर किए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर कराई जलनिकासी

# जलभराव वाले क्षेत्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बारिश से महानगर के विभिन्न मोहल्लों में जलभराव से नागरिकों की परेशानी दूर कराने के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर अधिकारी फील्ड में निकले। मोहल्लों में जलनिकासी के लिए नालों पर किए अवैध निर्माण व अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराया।

अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, द्वितीय अजीत कुमार सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा आदि के नेतृत्व में टीमों ने बारिश से जलभराव वाले मोहल्लों का निरीक्षण किया। इसके अलावा अधिकारियों ने कान्हा गोशाला भी पहुंचकर वहां भरे पानी की निकासी कराने के साथ गोवंश के लिए चारा, पानी का प्रबंध देखा। जलभराव होने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। नाले/नाली की सफाई से कराई। नाले की कल्वर्ट, पुलिया, मोड़, मैनहोल व जक्शन प्वाइंट आदि की सफाई कराने के साथ ही पार्कों/सड़कों/ मुख्य मार्गों व चौराहों की सफाई हुई। इस दौरान उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सुनील कुमार दोहरे आदि मौजूद रहे।



रैली निकाल कर लोगों को जागरूक करते निगम के कर्मचारी व स्वयंसेवी संगठन के सदस्य।

### प्लास्टिक बैग मुक्त महानगर बनाने को जागरूक किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की सहयोगी संस्था की आईईसी टीम द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। जो महानगर के गुरहट्टी चौराहे से बनवटागंज मार्केट होते हुए टाउन हॉल नगर निगम कार्यालय आकर समाप्त हुई। रैली में टीम के सभी सदस्यों ने अपने हाथ में जन जागरूकता के लिए स्लोगन लिखी हुई तख्ती पकड़ी थी। एक लाइन में चलते हुए विभिन्न प्रकार के पॉलिथीन बैग प्रतिबन्ध के लिए नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। सिंगल यूज प्लास्टिक व उससे संबंधित उत्पाद से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इसमें वर्क संस्था व प्रकृति सेवा समिति के सदस्यों ने भी सहयोग किया।



वार्ड 15 में जलभराव होने पर प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

## जलभराव से परेशान दो कॉलोनी के लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधवार सुबह से हुई बारिश के चलते वार्ड 15 की आफरीन कालोनी व सुंदर नगर में सड़कों पर जलभराव हो गया। जिससे गुस्साए लोगों ने पार्षद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ प्रदर्शन किया।

वार्ड 15 मऊ मोहल्ला सुंदर नगर व आफरीन कॉलोनी में बुधवार को हुई बारिश से गलियों में जलभराव हो गया। इतना ही नहीं पूरे इलाके की सड़कें तालाब बन गई। क्षेत्रवासी शरीफ ने बताया कि हमने पार्षद से कई बार पानी की निकासी के लिए शिकायत की, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। सुंदर नगर में रहने वाले फरमान अली ने बताया कि हल्की बारिश में ही इलाके में जलभराव हो जाता है। जिसकी वजह पानी की निकासी नहीं होना है। बुधवार को हुई बारिश से पूरे इलाके में जलभराव हो गया। गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन किया और जल निकासी की मांग की।

### रेलवे में हुई हिंदी प्रारूप लेखन प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को रेलवे प्रशासन द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित राजभाषा अनुभाग में राजभाषा अधिकारी अंजु सिंह की देखरेख में हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल के विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



Resonance®
Educating for better tomorrow

KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD

Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE

JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers




KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023

upto 100% Scholarship

Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

**आज का मौसम**

मध्यम बारिश का अनुमान है।

30.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:17

**एक नजर**

## विषैले रसायन से मछली मारने पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा 3 के अन्तर्गत उप नियम 1 से 4 तक को तत्काल प्रभाव से जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने लागू कर दिया है। यह आदेश उन सभी तालाबों, जलाशयों, नदियों की जलधाराओं पर प्रभावी होगा जो जिले की सीमा में है और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा व्यक्तिगत अथवा धार्मिक नहीं घोषित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि ऐसे जलाशयों में कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ, कृषि रक्षा व व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि कोई व्यक्ति 15 जुलाई से 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा अथवा अंगुलिका (2 से 10 इंच) आकार की न तो पकड़ेगा और न ही बेचेगा। एक जुलाई से 31 अगस्त तक प्रजजनशील मछलियों को न तो पकड़ेगा और न ही मारेगा और न ही बेचेगा। जब तक कि उसके पास मत्स्य विभाग से जारी वैध लाईसेंस न हो।

# प्राथमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर टूट कर गिरा, बाल-बाल बचे शिक्षक-छात्र

### बारिश की वजह से कम संख्या में विद्यालय आए थे छात्र-छात्राएं, बड़ा हादसा टला

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** लगातार हो रही बारिश से प्राथमिक विद्यालय की छत का प्लास्टर टूट कर गिर गया। जिससे स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक बाल-बाल बच गए। सभी बच्चों को वहां से अलग बैठाया गया। स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों में लगातार इसका डर बना हुआ है कि कहीं अन्य जगह से भी लेंटर किसी के ऊपर न गिर जाए। लेंटर गिरने की सूचना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

रतनपुर कला के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। लगातार तेज बारिश होने के कारण लेंटर में पानी भर गया। पानी भरने से लेंटर में सीलन होने की वजह से अचानक से छत का प्लास्टर टूट कर भरभरा कर गिर गया। इससे पूरे स्कूल में हड़कंप मच गया। सभी बच्चे एवं शिक्षक बुरी तरह से डर गए। कहीं स्कूल का पूरा लेंटर ही न गिर जाए। तभी प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों को समझाया कोई इधर-उधर नहीं भागेगा। बच्चों को एक कक्ष के अंदर सुरक्षित बैठाया गया। गनीमत यह रही कि कोई भी उस समय उसके नीचे नहीं था। नहीं तो कोई हादसा हो सकता था। वैसे भी बुधवार को बारिश की वजह से कम संख्या में ही छात्र-छात्राएं विद्यालय आए थे। प्रधानाध्यापक विनीत कुमार गुप्ता ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। स्कूल का लेंटर गिरने की सूचना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बच्चों के परिजन घबरा गए और स्कूल पहुंचे। अपनों को सुरक्षित देख सभी ने राहत की सांस ली। हालांकि विभागीय जांच में यह विद्यालय जर्जर घोषित हो चुका है। इसके बाद भी यहां शिक्षण कार्य हो रहा था।



प्राथमिक विद्यालय द्वितीय रतनपुर कला में गिरा छत का प्लास्टर। ● अमृत विचार

> बरसात के चलते कई स्कूलों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रतनपुर कला प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का भवन जर्जर है। इसकी सूचना प्रधानाध्यापक के स्तर से मेरे पास आई थी। जिसे बेसिक शिक्षाधिकारी को भेज दिया था। वहां से इसका मूल्यांकन कर बजट मिलने पर इसे ध्वस्त कराकर नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा। तब तक के लिए प्रधानाध्यापक को बच्चों को पास के दूसरे स्कूल में पढ़ाने का निर्देश दे चुके हैं।
>
> **–त्रिलोकीनाथ,** खंड शिक्षाधिकारी कुंदरकी

> बच्चों को पढ़ाते समय अचानक से छत का प्लास्टर टूट कर गिर गया। जिससे विद्यालय में हड़कंप मच गया। बारिश की वजह से बच्चे कम आए थे तो एक ही कक्षा में बैठे थे। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दे दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित में एवं जिलाधिकारी को भी पत्र लिखकर दिया जा चुका है। स्कूल जर्जर हालत की लिस्ट में भी शामिल हो चुका है।
>
> **–विनीत कुमार गुप्ता,** प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय रतनपुर कला द्वितीय

> यह जर्जर हालत में है इसकी सूचना पहले ही दी जा चुकी है और नया भवन स्वीकृत हो चुका है। जैसे ही बारिश रुकती है इस पर काम किया जाएगा।
>
> **–नजाकत अली, ग्राम प्रधान,** रतनपुर कला

## बारिश में सब्जियों के दामों में हुई दोगुना से भी ज्यादा बढ़ोतरी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिस कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अधिक बारिश का असर अब सब्जियों पर दिखने लगा है। बारिश से नवीन मंडी समिति में फल और सब्जियों की आवक मात्र दस से बीस प्रतिशत ही रह गई है। इससे टमाटर, प्याज और आलू सहित अन्य सब्जियों के दाम डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गए हैं। फलों की आवक भी कम हो गई है। जबकि दालों और आटे के दामों में वृद्धि हो गई है।

मंडी समिति के आढ़ती कमल सिंह ने बताया अधिकांश टमाटर और प्याज नासिक से आ रहा है। बारिश के कारण इनकी आवक घट गई है। सामान्य दिनों में 6 से 8 ट्रक टमाटर और लगभग इतनी ही प्याज आती थी। अब यह मात्र एक से दो ट्रक ही आ पा रही है। जिससे मंडी में बुधवार को टमाटर थोक में 36 से 44 रुपये किलो तक और प्याज 45 से 50 रुपये किलो तक बेची गई। आलू संभल और इसके आसपास से आता है। वह भी न आ पाने के कारण बुधवार को चिपसोना आलू 22 से 24 रुपये किलो तक बिका। लौकी, पालक, शिमला मिर्च, खीरा आदि के दाम भी दो गुना तक रहे। वहीं सब्जियों के दाम बढ़ने से गृहणियों की परेशानी बढ़ गई है।

# पांच अज्ञात युवक हिरासत में, मुख्य आरोपी पकड़ से दूर

**वैभव प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंगलवार देर शाम को हुई गोलीबारी ने शहर की कानून-व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। दबंग एक के एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। घटना के बाद तमंचा लहराते हुए फरार हो जाते हैं। पुलिस कार्रवाई के नाम पर बस खानापूर्ति करती रहती है। दबंगों ने घात लगाकर मंगलवार को युवक पर दोबारा हमला किया। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद भी मुख्य आरोपी का पुलिस सुराग तक नहीं लगा पाई है।

बता दें कि मंगलवार को सर्किट हाउस के निकट गोल चक्कर पर बाइक सवार दबंगों ने प्रेस फोटोग्राफर के बेटे वैभव (20) पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं थीं। एक गोली वैभव के कंधे में जाकर धंस गई थी। इसके बाद बेखौफ दबंग तमंचा लहराते हुए फरार मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद वैभव को पहले दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों के रेफर करने पर उसे कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई के दौरान पांच से छह अज्ञात युवकों को हिरासत में लिया है। जिसमें से मुख्य आरोपी अंकित यदुवंशी, अमित यदुवंशी, सुमित यदुवंशी व नन्हें चौधरी अभी भी फरार हैं। 25 दिन पहले भी दबंगों ने वैभव के घर पर हमला किया था। तीन-चार राउंड फायरिंग कर भाग गए थे। जिसकी सूचना सिविल लाइंस थाना में दी थी। लेकिन शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। वहीं घायल के पिता राजेश राजा ने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 25 दिन पहले दी गई शिकायत पर अगर कार्रवाई हुई होती तो आज उनके बेटे को गोली नहीं लगती। उन्होंने वारदात में पुलिस की सांठगांठ की भी आशंका जताई है।

**एसएसपी ने चिह्नित किए लापरवाह पुलिस कर्मी**

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने शिथिलता बरतने वाले पुलिस कर्मी व अधिकारियों को चिह्नित किया है। घटना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। उन्होंने एक के बाद एक हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस कर्मियों को कार्रवाई करने की सख्त हिदायत दी है। सूत्रों के मुताबिक, एसएसपी सतपाल अंतिल ने लापरवाह पुलिस कर्मी व अधिकारियों की लिस्ट तैयार की है। जिन पर कभी भी गाज गिर सकती है।

# टीएमयू में मौतों की सीबीआई जांच हो

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अपना दल (के) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

इसमें टीएमयू में पैथोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अदिति मल्होत्रा, बीबीए के फाइनल ईयर के छात्र अक्षत जैन, नवंबर 2023 में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा करूणा विश्वकर्मा और 2021 में बीडीएस की छात्रा डॉ. वैशाली व अन्य कई छात्राओं की सदिंग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों पर नाराजगी जताई। प्रधानमंत्री को संबोधित जिला प्रशासन की अधिकारी को देकर सभी प्रकरणों की सीबीआई से जांच कराने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जिले में कई सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थाएं हैं उनमें किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई। क्या कारण है कि आए दिन टीएमयू में छात्राओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौतें हो रही है। इनकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। तभी वास्तविकता सामने आएगी। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अंकित ठाकुर, महिला जिला अध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर, प्रदीप चौहान, राकेश कश्यप, अजय सैनी, नेमवती चंद्रा, बीएल गुप्ता, धर्मेंद्र कश्यप, हर्ष राजपूत आदि मौजूद रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते अपना दल (के) के मंडल अध्यक्ष रामेश्वर दयाल तुरैहा व अन्य। ● अमृत विचार

**मांग**

- कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन

## जीएल क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जीएल क्लब मुरादाबाद आर्यन की सभा रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। सर्वप्रथम ओम की प्रणव ध्वनि, गायत्री मंत्र, ध्वज वंदना व राष्ट्रीय गान हुआ।

इसके बाद वर्ष 2024-25 की टीम अध्यक्ष रति रस्तोगी, सचिव सिमरन कौर और कोषाध्यक्ष सारिका ने सभी सदस्यों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। आर्यन संस्थापक पीडीसीपी जीएल सुदेश आर्य ने और कीर्तिमान स्थापित करने के शुभाशीष दिए। पूर्व अध्यक्ष नीता भटनागर व सचिव भावना जैन ने नई टीम को कार्यभार सौंपा। साथ ही कार्यकारिणी को उनकी कर्तव्य समझाए। साथ ही आने वाले समय में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की उम्मीद जताई। इस दौरान सारिका, नीता, रौली, मीनू, शालिनी, नीतू, जूही, प्रीति, ईला, अनुपमा, संध्या सेठ आदि मौजूद रहीं।



पाकबड़ा स्थित मंडल कार्यालय पर बैठक में उपस्थित बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मुनकाद अली व अन्य। ● अमृत विचार

# कुंदरकी विस उपचुनाव में जुटें कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी के पाकबड़ा स्थित मंडल कार्यालय में बुधवार को बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी मुनकाद अली रहे। मुख्य अतिथि ने कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव में पार्टी की जीत के लिए सभी से जुटने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व सांसद गिरीश चंद्र, राजकुमार गौतम, रणविजय सिंह, सतपाल कश्यप, निर्मल सिंह सागर, जफर मलिक, मुख्य अतिथि मुनकाद अली ने विधानसभा में सेक्टरवार 41 वरिष्ठ पदाधिकारियों को सेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील आजाद और संचालन चंद्रपाल सैनी ने किया। इस दौरान मान सिंह, अरुण कुमार, रामकुमार, गुलाब, सुरेंद्र फौजी, मनजीत सिंह, अमर सिंह, लुकमान अंसारी, अनीश चौधरी, इदरीश चौधरी, महेंद्र सिंह प्रजापति, पवन कश्यप, भूप सिंह, ज्ञानवीर गुर्जर, मनवीर सिंह, सावेज अली, दीपू आजाद, अंकित कुमार, दिनेश पासी आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता की मौत मामले में आरोपियों को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को संतान न होने के ताने से आहत होकर महिला ने जान दे दी थी। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया था।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार के एमआईटी गेस्ट हाउस निवासी सायरा (26) को मां नहीं बन पाने के कारण ससुराल वाले ताने देते थे। मंगलवार को भी सायरा की पति से कहासुनी हो गई। इसके बाद ससुरालियों ने सायरा के साथ मारपीट की। इसके बाद सायरा ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने पति के गिरफ्तार कर लिया था। बाद में पुलिस ने फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने पति इमरान, देवर इरशाद, मेहराज और सास आमना को जेल भेज दिया है।

**तैयारी** | बिचौलियों की धरपकड़ के लिए डाक विभाग ने तैयार किया प्लान बी, पकड़े जाने पर होंगे दंडित

# अब आधार कार्ड के नाम पर अवैध वसूली करना पड़ेगा भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** आधार कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध वसूली करने वाले बिचौलियों पर अंकुश लगाने के लिए डाक विभाग ने प्लान बी तैयार किया है। अब आधार कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध वसूली करते पाए जाने पर आरोपी को सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा।

मंडल के मुरादाबाद, रामपुर, संभल और अमरोहा के 62 आधार सेंटरों पर रजिस्टर बने हैं। रजिस्टर में आधार कार्ड बनवाने वाले व्यक्ति के आधार से संबंधित मोबाइल नंबर व अन्य विवरण दर्ज होगा। जिससे वरिष्ठ अधिकारी जरूरत पड़ने पर रजिस्टर में दर्ज उसके मोबाइल नंबर पर कॉल कर जानकारी हासिल कर सकेंगे कि आधार बनवाने वाले व्यक्ति से किसी बिचौलिये ने निर्धारित राशि से अधिक शुल्क तो नहीं वसूला है। यदि ऐसा हुआ तो फिर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसमें विभाग के किसी कर्मचारी की संलिप्तता मिलने पर उस पर भी कार्रवाई होगी।

वरिष्ठ डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि पिछले दिनों शिकायतें मिली कि आधार कार्ड बनवाने के नाम पर कुछ लोग निर्धारित राशि से अधिक रुपए वसूल रहे हैं। जिसके बाद आधार कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध वसूली रोकने और ऐसा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई को योजना बनाई गई है।



डाक विभाग के कैंप कार्यालय पर आधार कार्ड बनाते कर्मी। ● अमृत विचार



> 24 अगस्त से घर बैठे आधार कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। पिछले दिनों आधार कार्ड बनवाने के लिए निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त रुपये वसूले जाने की शिकायतें संज्ञान में आई थी। जिसके बाद दलालों पर लगाम लगाने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। आधार कार्ड बनवाने के नाम पर दलालों की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारी प्राथमिकता सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचना है।
>
> **–अमित दत्त,** वरिष्ठ डाक अधीक्षक, मुरादाबाद मंडल

**घर बैठे बनवा सकते हैं आधार कार्ड**

वरिष्ठ डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि उपभोक्ता घर बैठे भी आधार कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए होम डिलीवरी चार्ज अतिरिक्त देना होगा। यदि आप चाहते हैं कि घर बैठे ही आपका आधार बन जाए तो इसके लिए डाक विभाग ने होम डिलीवरी की सुविधा शुरू की है। इसके लिए आपको अतिरिक्त शुल्क देना होगा। परिवार के किसी एक सदस्य का आधार कार्ड बनवाना है तो विभाग आपसे सामान्य शुल्क से अतिरिक्त 700 रुपये प्रति व्यक्ति चार्ज देना होगा। जबकि इससे अतिरिक्त परिवार के किसी भी सदस्य का आधार बनवाने पर 350 रुपये प्रति व्यक्ति देना होगा।

medhavi foundation

JOB OPPORTUNITY
Medhavi Foundation

Scan for Apply

*Applications are invited for eligible candidates for the deployment of Vocational Trainers in the schools Uttar Pradesh under NSQF Project.*

**Consumer Energy Meter Technician:** Total Positions- 57 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Diploma, B.Tech, B.E., B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/ 5.0 year teaching experience.

**Assistant Beauty Wellness Consultant:** Total Positions- 08 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Graduate (Any) from a recognized Institute /University, with at least 3.0 year work/1.0 teaching experience.

**Assistant Plumber General:** Total Positions- 14 (In Multiple Districts of UP), Qualification- B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I, B.E./B.Tech, Diploma, CITS from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/1.0 year teaching experience.

**Four-Wheeler Service Assistant:** Total Positions- 9 (In Multiple Districts of UP), Qualification- I.T.I, Diploma, I.T.I, Diploma, from a recognized Institute/University, with at least 4.0 year work/1.0 teaching experience.

**Minimum Competency:** Domain Knowledge, Effective Communication Skills, Soft skills. Age Limit-18-37 years (As on 1st Jan 2024). Only shortlisted candidates will be called for written test and interviews.

**Gross Honorarium - RS. 15,000/- Per Month Fixed For all the post's**

How to apply- Apply and upload documents at https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScDINzPePzEgQzbKeXybletQsOUdEmLo0N4KTWhqlxdtS86cA/viewform link or Scan the QR code by 05/07/2024 till 5 PM.

For any query, please contact on +91 7408080855 All positions are purely on contractual basis and selection process is strictly based on Written test Interview and Merit. Do not use any unfair means.

## एक नजर


कोठीवाल डेंटल कॉलेज में मेगा चेकअप कैंप में उपस्थित क्लब के पदाधिकारी व अन्य।

### शिविर में 400 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब मुरादाबाद ने 5 अन्य क्लब के साथ मिलकर मेगा चेकअप कैंप कोठीवाल डेंटल कॉलेज में लगाया। इसमें 400 मरीजों का सफल परीक्षण कर उनको दवा भी दी गई। क्लब की ओर से चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। एक व्हीलचेयर भी प्रदान की गई। इसके अलावा पौधे भी रोपे गए। इस दौरान सचिव सुधा अग्रवाल के साथ रेखा शाह, मंजू गुप्ता, ऊषा अग्रवाल, आरती, प्रेरणा, नीना गुप्ता, ज्योति आनंद आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

### हमारे जीवन में पेड़ पौधों का है अमूल्य महत्व

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से कन्या प्राथमिक विद्यालय झांझनपुर में औषधीय पौधे, हरसिंगार परिजात का रोपण किया गया। पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल ने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय पॉलीथिन बैग मुक्त दिवस के बारे में भी विस्तार से बताया। पॉलीथिन बैग का प्रयोग न करने की प्रतिज्ञा भी कराई गई। इस दौरान प्रधानाध्यपिका ने कहा कि हमें पौधरोपण में बच्चों की भागीदारी का उद्देश्य पौधों के प्रति मित्रता, प्रेम भाव, संरक्षण और संवर्धन से है। हमारे जीवन में पेड़ पौधों का अमूल्य महत्व है। कोषाध्यक्ष पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप ने कहा कि हमें परिवार से ही प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की वाते शुरू करनी चाहिए। इस दौरान हरवेंद्र सिंह, गुड्डू, अरुण कुमार, यशोदा, राजू सिंह, सहदेव सिंह, उमा शंकर, राहुल गौतम आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मैनाठेर, अमृत विचार :** कानून व्यवस्था के मद्देनजर सीओ बिलारी ने मैनाठेर प्रभारी किरणपाल सिंह व डींगरपुर चौकी इंचार्ज के साथ फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति व्यवस्था बनाने की अपील की। साथ ही कहा कि वह कानून व्यवस्था का पालन करें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। पुलिस ने डींगरपुर चौकी में पैदल गश्त करते हुए फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध की रोकथाम व आमजन में विश्वास को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है।

# यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते रद रहेंगी 60 ट्रेनें

## शाहजहांपुर-लखनऊ व रोजा-सीतापुर सिटी डबल रेल लाइन पर होगा कार्य, यात्रियों को होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते रेलवे ने अगस्त तक के लिए 60 ट्रेनों को रद किया है। जबकि सात ट्रेनों के मार्ग बदले हैं। इसके अलावा कई ट्रेनों को रोककर भी चलाया जाएगा। जिसके चलते अगले एक महीने के लिए ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए परेशानी होगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल के शाहजहांपुर-लखनऊ व रोजा-सीतापुर सिटी डबल रेल लाइन में रोजा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए आगामी सात जुलाई से पांच अगस्त तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग व नॉन इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा। इस कार्य के लिए ब्लाक लिया गया है। जिसके चलते मुरादाबाद रूट की 60 ट्रेनों को रद किया गया है। रिमॉडलिंग के चलते 96 ट्रेनें प्रभावित होंगी।

**रेलवे प्रशासन द्वारा रद की गईं प्रमुख ट्रेनें**

| ट्रेन नंबर | कहां से कहां तक | रद की अवधि |
|---|---|---|
| 12492 | जम्मू-बरौनी | 26 जुलाई व दो अगस्त |
| 12491 | बरौनी से जम्मू | 28 जुलाई व 4 अगस्त |
| 15211 | दरभंगा-अमृतसर | 23 जुलाई से 4 अगस्त |
| 15212 | अमृतसर-दरभंगा | 25 जुलाई से 6 अगस्त |
| 22423 | गोरखपुर-अमृतसर | 22 व 29 जुलाई व 5 अगस्त |
| 22424 | अमृतसर-गोरखपुर | 21 व 28 जुलाई व 4 अगस्त |
| 14603 | सहरसा से अमृतसर | 27 जुलाई व दो अगस्त |
| 22453 | राज्यरानी एक्सप्रेस | 31 जुलाई से 5 अगस्त व एक से 6 अगस्त |
| 14235-36 | बनारस-बरेली | 1 अगस्त से 5 अगस्त तक व 31 जुलाई से 4 अगस्त तक |
| 14307-08 | प्रयागराज से बरेली | 1 अगस्त से 5 अगस्त तक |
| 15043 | लखनऊ-काठगोदाम | जुलाई में 21, 22, 24 से 25, 26, 28, 29, 31 व अगस्त में 1, 2 व चार |
| 15044 | काठगोदाम-लखनऊ | 22,23, 25, 26, 27, 29 व 30 जुलाई व एक, दो, तीन व पांच अगस्त |
| 15904-03 | चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ | 31 जुलाई व 4 अगस्त और 29 जुलाई व 2 अगस्त |

| | | |
|---|---|---|
| 15119-20 | जनता एक्सप्रेस | 23 जुलाई से पांच अगस्त |
| 14241-42 | नौचंदी एक्सप्रेस | 22 जुलाई से 5 अगस्त |
| 13257-58 | दानापुर-आंनद विहार | एक से 5 अगस्त |
| 15011-12 | लखनऊ-चंडीगढ़ | 31 जुलाई से 5 अगस्त |
| 15074 -73 | टनकपुर-सिंगरौली | 31 जुलाई व 2 व 5 अगस्त |
| 15125-28 | काशी विश्वनाथ | 31 जुलाई से 5 अगस्त |
| 12203-04 | गरीब रथ | 3 अगस्त से 5 अगस्त |
| 15909-10 | अवध आसाम | 29 जुलाई से 4 अगस्त |
| 15654-53 | लोहित एक्सप्रेस | 31 जुलाई व 2 अगस्त |
| 15531-32 | सहरसा-अमृतसर | 21 जुलाई से 5 अगस्त |
| 12407-08 | न्यूजलपाईगुड़ी से अमृतसर | 24,31 जुलाई व 7 अगस्त और 19, 26 जुलाई व 2 अगस्त |
| 15655-56 | कामाख्या-आनंद विहार | 21 व 28 जुलाई व 24 व 31 जुलाई |
| 04379-90 | रोजा-बरेली | 22 जुलाई से 6 अगस्त |
| 05459-60 | सीतापुर-शाहजहांपुर | 22 जुलाई से 5 अगस्त |
| 04306-05 | बालामऊ-शाहजहांपुर | 21 जुलाई से 5 अगस्त |
| 04337-38 | शाहजहांपुर-सीतापुर | 22 जुलाई से 6 अगस्त |


भारोत्तोलन कलस्टर प्रतियोगिता के आरंभ पर मार्च करती टीम। ● अमृत विचार

# पहले दिन एटा बना विजेता 23वीं वाहिनी उपविजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पीएसी भारोत्तोलन कलस्टर प्रतियोगता का आगाज

**अमृत विचार :** 27वीं अंतरवाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन की भारोत्तोलन कलस्टर (भारोत्तोलन एवं पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगता का आयोजन बुधवार से शुरू हो गया है। पहले दिन प्रतिभागियों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। पहले दिन 43वीं वाहिनी पीएसी एटा ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। वहीं 23वीं वाहिनी मुरादाबाद उपविजेता रही।

23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में हो रहा आयोजन शुक्रवार तक चलेगा। इसमें जोन की सभी 14 वाहिनियों की टीमों के लगभग 300 अधिकारी व कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन 55 किलो भार वर्ग में पहले स्थान पर विजय कुमार और दूसरे स्थान पर 45वीं पीएसी वाहिनी के राजा, वहीं तीसरे स्थान पर 47वीं पीएसी वाहिनी के लालित कुमार रहे। पहले दिन कई प्रतिभागियों ने यह गौरव हासिल किया है। वहीं 201 अंकों के साथ 23वीं पीएसी वाहिनी मुरादाबाद के ललित कुमार उपविजेता रहे। शेष स्पर्धाएं गुरुवार सुबह से प्रारंभ की जाएंगी।

# सरकार व्यापारी हितों के लिए प्रतिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


युवा व्यापार मंडल के स्थापना दिवस में शामिल राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य।

● राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख रहे मुख्य अतिथि, युवा व्यापार मंडल ने मनाया 49वां स्थापना दिवस

**अमृत विचार :** महानगर के एमआईटी कॉलेज के आडिटोरियम में बुधवार को युवा व्यापार मंडल का 49वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों के हित के लिए काम कर रही है।

मुख्य अतिथि व अन्य के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुना। कहा कि सरकार व्यापारियों के हित के लिए सभी काम कर रही है। यदि कुछ समस्या है तो उसे मुख्यमंत्री की जानकारी में लाकर समाधान कराएंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने व्यापारियों का पूरा सहयोग करने की बात कही।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल के लगभग 150 से अधिक सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने की। जबकि संचालन नीरज अग्रवाल व राजीव कुमार ने किया। महामंत्री राजन मुदगल ने संस्था के सदस्यों के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में नलिन अग्रवाल, दीपक वर्मा, शैलेंद्र बंसल, विनय अग्रवाल, सौरभ मित्तल, मयंक अग्रवाल, संजीव कुमार, राकेश सिंघल, विजय कुमार, राजीव अग्रवाल, गौरव गोयल, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, अनिल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## 6 जुलाई से प्रारंभ हो रहे गुप्त नवरात्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुप्त नवरात्र 6 जुलाई से प्रारंभ हो जा रहे हैं, जो 15 जुलाई तक चलेंगे। हरथला चामुंडा शिव मंदिर के पंडित मनोज पाठक ने बताया कि पहले दिन विरोधियों पर विजय प्राप्त करने के लिए मां काली की पूजा की जाती है। दूसरे दिन मां तारा की आराधना करने से आर्थिक लाभ प्राप्ति होती है।

धन, ऐश्वर्य, भोग और मोक्ष प्राप्ति के लिए मां त्रिपुर सुंदरी की अर्चना बताई गई है। संतान प्राप्ति के लिए मां भुवनेश्वरी की पूजा का प्रावधान है। चिंताएं दूर करने और मनोकामनाएं पूर्ति के लिए मां छिन्नमस्ता की पूजा को हितकर माना गया है। जीव बंधनों से मुक्ति के लिए मां त्रिपुर भैरव की आराधना करनी चाहिए। सभी प्रकार के संकट दूर कराने के लिए मां धूमावती की पूजा हितकर मानी गई है। भय से मुक्ति और वाक सिद्धि के लिए मां बगलामुखी तथा गृहस्थ जीवन में खुशहाली के लिए मां मातंगी का पूजन बताया गया है।

# नदी किनारे अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अवैध निर्माण तोड़ती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की जेसीबी मशीन।

● नदी किनारे नियम विरुद्ध बनाई गई थी 10 फिट ऊंची चहारदीवारी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नदी किनारे किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। जिसके तहत एमडीए की टीम ने बुधवार को लाकड़ी फालजपुर स्थित निर्यातक फर्म में बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया।

बुधवार को थाना मझोला क्षेत्र के लकड़ी फाजलपुर मिनी बाईपास स्थित लोहिया एक्सपोर्ट फॉर्म परिसर में गागन नदी के किनारे नियम विरुद्ध बनाये गई लगभग 10 फीट ऊंची अवैध बाउंड्री को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर से ध्वस्त किया। एमडीए सचिव अंजुलता ने बताया कि मैसर्स लोहिया ब्रास प्राइवेट लिमिटेड एवं डिजाइनको औद्योगिक परिसर में अवैध निर्मित फैक्ट्री के निर्माण के विरुद्ध योजित विभिन्न वादों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने महानगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए भवन निर्माण नहीं कराएं, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा वह निर्माण के विरुद्ध अर्बन प्लानिंग एक्ट की सुसंगत धारा में कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी। लोहिया में की गई कार्रवाई के दौरान एमडीए की ओएसडी पारुल तरार समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# माहौल बिगाड़ने की साजिश गांव में मिले गोवंशीय अवशेष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे क्षेत्र में कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की है। पुलिस ने गांव से गोवंशीय अवशेष बरामद किए हैं। पता चलने पर स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने अवशेषों के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए लैब भेजे हैं। सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

थाना क्षेत्र के खरग गांव में मंगलवार सुबह लोगों ने गोवंशीय अवशेष पड़े देखे। यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। इसके बाद लोगों में रोष व्याप्त हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी मूंढापांडे रामप्रसाद शर्मा फोर्स के साथ पहुंचे। लोगों को शांत कराया। पुलिस ने सामाजिक समरसता बिगाड़ने की धारा में केस दर्ज किया है।

### अराजक-तत्व पहले भी कर चुके हैं साजिश

पाकबड़ा थाना क्षेत्र में 24 मई को भी कुछ अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की थी। उस समय खेतों में पशु अवशेष मिलने से लोगों का गुस्सा फूटा था। हिंदू संगठन, आरएसएस और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गोकशी कर अवशेष फेंके जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। बाद में पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस दो बाद भी अभी तक जांच में जुटी है।

"खरग गांव में कुछ अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। मामले में केस दर्ज कर गहराई से छानबीन की जा रही है। जांच में तथ्य सामने आने के बाद आरोपियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।"
-अखिलेश भदौरिया, एसपी सिटी

## तीसरे दिन भी चिह्नांकन को नहीं पहुंचीं टीमें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रामगंगा नदी किनारे अतिक्रमण के चिह्नांकन को बुधवार को भी विभागीय टीमें नही पहुंची। सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी रहा।

मानसून से पूर्व मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने जल्द से जल्द रामगंगा किनारे अतिक्रमण का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा था। लेकिन लगातार विभागीय अधिकारियों की लेट-लतीफी की वजह से अतिक्रमण का चिह्नीकरण तक नहीं हो पाया। जबकि पिछले एक सप्ताह में दो दिन विभागीय अधिकारियों ने रामगंगा किनारे अतिक्रमण का चिह्नांकन नही किया। इस कार्य में बाढ़ खंड विभाग की टीम के साथ राजस्व और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीमें शामिल थी। अभी तक टीमें केवल मोरा मुस्तकाम, मुकर्रबपुर, जिगर कॉलोनी नट बाबा के मंदिर के आसपास तक ही गाटा संख्याओं का चिह्नांकन कर पाई हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी सहित दो दबोचे

**मूंढापांडे प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मुठभेड़ में घायल बदमाश से जानकारी लेने पहुंचे एसएसपी व एसपी सिटी।

● बुधवार देर रात मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मंगल बाजार के छपरा मोड़ पर हुई मुठभेड़

● मुख्य आरोपी मुस्लिम पर 50,000 और उसके पिता नन्हें पर घोषित था 25,000 रुपये का ईनाम

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में महिला के अपहरण व गोलीबारी कांड के मुख्य आरोपी मुस्लिम व उसके पिता नन्हें को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। यह दोनों घटना के बाद से फरार थे और पुलिस इनकी तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी। मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के एक गांव में 26 जून को मुस्लिम व उसके अन्य साथियों ने मिलकर एक महिला का अपहरण करने की कोशिश की थी। परिवार के विरोध करने पर मां-पिता और पुत्र पर गोलियां बरसा दी थीं। गोली लगने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद मुस्लिम व अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही थी। बुधवार देर रात पुलिस को मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मंगल बाजार छपरा मोड पर पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे। पुलिस ने उन्हें रोका तो वह पुलिस पर फायर झोंक दिए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली मुख्य आरोपी मुस्लिम और उसके पिता नन्हें को पैर में गोली लग गई। मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ है। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि मामले का मुख्य आरोपी मुस्लिम और उसके पिता नन्हें को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुस्लिम पर 50,000 और उसके पिता नन्हें पर 25000 रुपये का ईनाम था। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल, दो तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। 29 जून को भी पुलिस ने घटना में शामिल दो अज्ञात आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। साथ ही घटना के तीन दिन बाद ही पुलिस ने राजस्व टीम के साथ मिलकर आरोपियों को घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था।


अस्पताल में भर्ती घायल पुलिसकर्मी।

## गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे राहुल का बयान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद की अध्यक्षता में हुई। इसमें कांग्रेसियों ने भाजपा नेताओं पर राहुल गांधी के बयान को गलत तरीके से तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के लोग कांग्रेस व उनके नेता के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। यह प्रदेश में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं व प्रशासनिक अक्षमताओं से ध्यान बांटने की भाजपा की कोशिश है।

बुधवार को गुरहट्टी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें प्रेस फोटोग्राफर राजेश राजा के बेटे पर हुए जानलेवा हमले पर गहरा रोष जताया गया। इसके साथ ही हाथरस में हुए हादसे को सरकारी अक्षमता का प्रमाण बताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेंद्र वाल्मीकि, मोअज्जम अली, शहजाद खां, गुलवेज सिद्दीकी शामिल रहे।

**संक्रामक रोग** बुखार आए तो ब्लड सैंपल की जांच जरूर कराएं, मलेरिया की पुष्टि होने पर घबराएं नहीं, इलाज कराएं

# 2 .55 लाख सैंपल में सिर्फ दो रोगी मलेरिया पॉजिटिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**2,55,324** सैंपल पिछले साल जांचे गए थे

**02** रोगी मिले थे मलेरिया पॉजिटिव

**36,06,653** आबादी है जिले की

**अमृत विचार :** साल 2023 को छोड़ दें तो अन्य पिछले वर्षों में जिले में संक्रामक रोग लोगों में असरदार रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक 2019 में 476 रोगी मलेरिया से ग्रसित पाए गए थे। खास बात ये है कि पिछले पांच वर्षों में जिले में मलेरिया से किसी भी रोगी की मौत नहीं हुई है। मलेरिया विभाग ने मलेरिया रोगियों की खोज के लिए समय-समय पर अभियान चलाकर सैंपल एकत्र किए हैं और उनकी जांच की है। जांच के बाद जो रोगी मलेरिया से पीड़ित मिले हैं, उन्हें जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी तक में बेहतर उपचार दिया गया है। वैसे हकीकत भले ही कुछ भिन्न हो, पर रोगियों को अच्छा इलाज देने संबंधी बातों के दावे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर रहे हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रेम नारायण यादव का कहना है कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो गया है। इसी बीच में फ्रंटलाइन वर्कर्स घर-घर दस्तक देकर बुखार वाले रोगियों को चिह्नित करेंगी और फिर उनके ब्लड सैंपल की जांच में मदद करेंगी। इस बीच में यदि कोई रोगी मलेरिया से ग्रसित मिलता है तो उसका निश्शुल्क इलाज होगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि पिछले साल 2023 में बुखार से पीड़ित 2.55 लाख लोगों के ब्लड सैंपल की जांच हुई थी। इसमें केवल दो रोगी ही मलेरिया से पॉजिटिव मिले थे, जो इलाज से ठीक हो गए थे।

### इस तरह से होता है मलेरिया

स्वास्थ्य अधिकारी बताते हैं कि मलेरिया के रोगी को काटने पर असंक्रमित मादा एनोलीज मच्छर रोगी के खून के साथ मलेरिया परजीवी को भी चूस लेते हैं। फिर 12-14 दिनों में ये मादा एनोलीज मच्छर भी संक्रमित होकर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाते हैं। ये संक्रमित मच्छर जितने भी मनुष्यों को काटते हैं, उन्हें मलेरिया हो जाता है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया तब फैलता है, जब मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद बीमारी से संक्रमित हो जाता है, और फिर संक्रमित मच्छर किसी गैर-संक्रमित व्यक्ति को काटता है। मलेरिया के परजीवी उस व्यक्ति के रक्त-प्रवाह में प्रवेश करते हैं और यकृत तक पहुंच जाते हैं। बताया जाता है कि मलेरिया का मच्छर सुबह या शाम को ही काटता है। दोपहर में वह निष्क्रिय रहता है।

"मलेरिया की जांच में यदि रोगी पॉजिटिव पाया जाता है तो उसका निश्शुल्क इलाज होगा। मलेरिया रोगी के लिए सरकारी अस्पताल में बेड आरक्षित नहीं हैं। लेकिन, डेंगू रोगियों के लिए बेडों का आरक्षण हो गया है। जिला अस्पताल में 15 बेड और सभी सीएचसी में 10-10 बेड आरक्षित किए गए हैं। यदि डेंगू रोगियों की संख्या बढ़ेगी तो आरक्षित बेडों की संख्या बढ़ाई जाएगी।"
- डॉ. प्रेम नारायण यादव, जिला मलेरिया अधिकारी

### मलेरिया के लक्षण

लगातार बुखार आना, हाथ-पैर में ऐंठन महसूस होना, सिरदर्द के साथ बुखार आना, बुखार के साथ ठंड लगना, आंखें लाल होना, मल में खून आना, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी होना या जी मिचलाना।

**पिछले वर्षों में मलेरिया की सक्रियता**

| वर्ष | ब्लड स्लाइड कलेक्शन | पॉजिटिव |
|---|---|---|
| 2023 | 2,55,324 | 02 |
| 2022 | 1,23,993 | 28 |
| 2021 | 58,776 | 46 |
| 2020 | 42,445 | 50 |
| 2019 | 1,01,673 | 476 |

नोट : उक्त आंकड़े सीएमओ कार्यालय के हैं।

# सनातन पीढ़ी से छिपाया गया इतिहास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जनसंख्या समाधान फांउडेशन की बैठक में विचार रखतीं वक्ता व उपस्थित लोग।

● शिशु मंदिर बनबटागंज में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**अमृत विचार:** शिशु मंदिर बनबटागंज में बुधवार को जनसंख्या कानून लागू करने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि हिंदुओं की जनसंख्या घट रही है और एक समुदाय विशेष की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम अपने पूर्वजों की वंशावली नहीं जानते जैसे लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, भगत सिंह, चन्द्रशेखर के पिता, दादाजी कौन थे। क्योंकि हमारे असली इतिहास को छिपाया गया है। कश्मीर से आईं ममता सहगल ने कहा कि 1990 में धार्मिक स्थलों से घोषणा करके चौबीस घंटे के अंदर कश्मीर छोड़ कर चले जाने को कहा गया। आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी, समीर विद्यार्थी, डॉ. विजय लक्ष्मी पंडित ने भी विचार व्यक्त किए। सभी ने केंद्र सरकार से अभिलंब जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। राष्ट्रीय स्तर पर 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कविता सिरोही, हेमा शारदा, शीतल राजपूत, अवनीश चौहान, अमित गुप्ता, पुलकित विद्यार्थी, अखिलेश्वर निगम, अग्रिम गुप्ता, जवाहर टण्डन, नरेश गुप्ता, विपिन रस्तोगी, हर्ष रौतेला, रचना अग्रवाल, सुनीता देवी, क्षमा रानी, राकेश कुमार, संतोष गुप्ता, गोविन्द सिंह, कंचन अग्रवाल, पिंकी यादव, ज्योति सैनी, स्वाति राजपाल आदि मौजूद रहे।

# तेज बारिश से गिरी ट्यूबवेल की छत, किसान की मौत

## मृतक के परिवार में मचा कोहराम, पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** कई दिनों से हो रही बारिश ने अब अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की ट्यूबवेल की छत गिरने से दबकर मौत हो गई। घटना से मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तहसीलदार व हल्का लेखपाल ने घटना की जानकारी ली। वही परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।


बाबूराम पाल।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू निवासी किसान बाबूराम पाल बुधवार सुबह जंगल में अपने ट्यूबवेल पर सो रहे थे। बारिश के चलते अचानक ट्यूबवेल की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गई। जिससे किसान मलबे में दब गया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे बाबूराम को निकाला। बाद में एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी ले जाया गया।


ट्यूबवेल की छत का गिरा मलबा। ● अमृत विचार


अस्पताल में बिलखता किसान का बेटा और पत्नी।

**हादसा**

- नायब तहसीलदार व लेखपाल ने ली घटना की जानकारी
- बुधवार देर शाम मृतक का अंतिम संस्कार किया गया

जहां डाक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक किसान के परिवार में दो पुत्र विजेंद्र सिंह पाल व टिटू पाल, पुत्री शशि तथा पत्नी रामवती का रो रोकर बुरा हाल है।

वहीं, सूचना पर राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार लोकेश यादव और हल्का लेखपाल दिनेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे थे और परिजनों से घटना से संबंधित जानकारी ली थी। नायब तहसीलदार ने बताया कि मृतक किसान के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

उक्त प्रकरण की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई है। वही, शाम को परिजनों द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## एक नजर

### पाकिस्तान के नंबर से मिली धमकी, तहरीर दी

**बिलारी, अमृत विचार :** ओम विहार कॉलोनी निवासी गंगा प्रसाद राजेश ने मुख्यमंत्री पोर्टल व उच्चाधिकारियों को ट्वीट कर थाने में शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को ओम विहार कॉलोनी निवासी गंगा प्रसाद राजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह 10 :44 बजे एक व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप कॉल कर खुद को पाकिस्तानी बताकर आतंकी फंडिंग के लिए रुपयों की मांग की गई। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि 92 3251037215 नंबर से व्हाट्सएप कॉल की गई जिस पर किसी सेना की वर्दी पहने व्यक्ति की फोटो लगी थी। पीड़ित ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत की है।

### अधिकारियों के दावे फेल घंटों गुल रही बिजली

**डिलारी, अमृत विचार :** बिजली अधिकारियों के निर्बाध विद्युत आपूर्ति के दावे फिर फेल हो गए। मंगलवार देररात जरा सी हवा चलने व बारिश से क्षेत्र में घंटों बिजली गुल रही। बुधबार को भी ऐसा ही हाल रहा। सुबह में हुई बारिश के बाद डिलारी क्षेत्र में 16 घंटे बिजली गुल रही। वही बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि बारिश और तेज हवा का चलना प्राकृतिक आपदा है। लाइनों पर ही पेड़ गिरेंगे तो स्वाभाविक है सप्लाई बाधित होगी। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि लाइनों पर झूल रही पेड़ों की टहनियां सही तरीके काटी जाए और मानसून से पहले रात में जंपरों की पेट्रोलिंग की जाए तो बारिश में बिजली गुल होने के मामले को रोका जा सकता है।

### मारपीट करने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना मैनाठेर में शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम असदपुर निवासी तौसीब पुत्र शमशाद ने शिकायती पत्र में बताया कि उसके पड़ोसी अरशद पुत्र राशिद और अकरम पुत्र मुन्ने से उसके द्वारा घर में पानी आने की शिकायत की थी। जिसके चलते 2 जुलाई को अरशद और राशिद ने उसके घर में आकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया व संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत, मचा हड़कंप

संवाददाता, कुंदरकी /मैनाठेर

**अमृत विचार :** बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर हमीर में खेत पर जा रहे एक बुजुर्ग किसान के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।



बुधवार की सुबह करीब 5:30 बजे ब्लॉक कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर हमीर निवासी हाजी मुनाजिर (62) पुत्र कल्लू अपने खेत पर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से बाहर निकले तो अचानक से गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई और वह अचेत होकर गिर गए। कुछ दूरी पर ग्राम निवासी युवक तंजीम और हाजी छोटे मौजूद थे। दोनों तुरंत उनके पास पहुंचे और उन्हें वहां से उठाकर लाए। साथ ही परिजनों को सूचना दी। बाद में स्थानीय चिकित्सक को दिखाया जिसमें उनकी मौत की पुष्टि हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिवार में तीन बेटे थे। एक वर्ष पूर्व एक बेटे की एक्सीडेंट में मौत हो चुकी है वहीं पांच बेटियों में से तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। पत्नी सहाना सहित समस्त परिवार का रोते-रोते बुरा हाल है। ग्रामवासियों ने बताया कि मृतक का एक बेटा ट्रक चलाता है। उसी के आने के बाद शव को दफनाया जाएगा।

वही हादसे की सूचना पर एसडीएम बिलारी मनी अरोड़ा, नायब तहसीलदार लोकेश यादव और हल्का लेखपाल सुमन मौके पर पहुंचे थे। इस बारे में जब एसडीएम कार्यालय से बात की गई तो बताया गया कि मृतक के परिजनों से पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

## महिला को रंगरेलियां मनाते पकड़ा, दिया तीन तलाक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में राशन डीलर के पुत्र को तीन बच्चों की मां के साथ रंगरेलियां मनाते हुए परिजनों ने पकड़ लिया। इस पर महिला के पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। महिला ने कोतवाली पहुंचकर पति के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

नगर के एक मोहल्ला निवासी राशन डीलर का पुत्र बीती रात एक मोहल्ला निवासी महिला के घर पहुंचा। जहां पर महिला को उसके साथ रंगरेलियां मनाते महिला के पति व परिजनों ने पकड़ लिया। इस दौरान परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई की। परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को छुड़ाया। इसके बाद महिला को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। वहीं महिला ने कोतवाली पहुंचकर पति सहित अन्य के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने बताया कि एक महिला ने मौखिक शिकायत कर बताया था कि उसके पति ने उसे तीन तलाक दिया है। अगर तहरीर आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश के चलते यूरिया खाद की बढ़ी मांग

**कांठ, अमृत विचार :** लगातार बारिश होने से यूरिया खाद की मांग तेजी से बढ़ गई है। खाद लेने के लिए बुधवार को दुकानों पर किसानों की भारी भीड़ दिखाई दी। काफी देर बाद किसानों को मुश्किल से खाद मिल पाया।

बुधवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित इफको खाद बिक्री केंद्र पर सुबह से ही किसानों की भीड़ खाद लेने के लिए लगी रही। इसी के साथ बस स्टैंड पर भी कृभको खाद बिक्री केंद्र पर भारी संख्या में किसान यूरिया खाद लेने के लिए पहुंचे। दोनों केंद्रों पर किसानों को खाद दिया गया।

किसान वीरेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, राजपाल सिंह आदि का कहना है कि इस समय फसलों को खाद की आवश्यकता है। ऐसे में किसानों ने खाद की किल्लत न होने की मांग की है।

# तेजी से बढ़ रहा है रामगंगा नदी का जलस्तर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से आसपास के खेतों में भी पानी भर गया है। जिसके चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है।

15 जून के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाता है। अब हर रोज पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र में मानसूनी बारिश हो रही है। जिसके कारण नदियों में पानी भी छोड़ा जा रहा है। इधर बारिश के पानी ने भी कांठ के खादर क्षेत्र से होकर गुजर रही रामगंगा नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ गया है। जिसके चलते आसपास के खेतों में पानी भर गया है। खादर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि अगर रामगंगा नदी उफनाई तो बाढ़ के पानी से उनके हजारों बीघा फसलें चौपट हो जाएगी। इसे लेकर खादर क्षेत्र के वहाददरपुर खद्दर, गोपालपुर, फजलाबाद, सलेमपुर, बेगमपुर, मिश्रीपुर, महदूद कलमी, मुस्तफापुर, मंझरा, मल्लीवाला, कुम्हरिया जुमला, रामसराय, दरियापुर आदि गांव में किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खादर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि हर साल रामगंगा नदी खादर क्षेत्र में भारी तबाही मचाती है। जिससे हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो जाती हैं और कटान होने से फसलें पानी में बह जाती हैं।


रामगंगा नदी में बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार


बिजली उपकेंद्र मार्ग में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### बिजली उपकेंद्र मार्ग में बारिश का भरा पानी

**कांठ, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र को बिजली आपूर्ति करने वाला 33/11 केवीए के बिजली उपकेंद्र रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर स्थित है लेकिन आजादी के बाद से आज तक इस बिजली उपकेंद्र को जाने के लिए पक्का मार्ग नहीं बन पाया है। बुधवार को सुबह से ही हुई तेज बारिश से बिजली उपकेंद्र को जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि यह कार्य जनप्रतिनिधियों का है। इसके बावजूद विभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लगभग पांच दिन पूर्व एसडीएम विनय कुमार सिंह ने इस संबंध में बैठक की थी। बैठक में लेखपालों और रेल के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। क्योंकि कुछ रास्ता रेलवे विभाग के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीघ्र ही कोई न कोई हल निकलेगा।

## सार-संक्षेप

### पेली बिश्नोई में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम पेली बिश्नोई में श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के बाद प्रसाद वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक अरविंद चौधरी (गुरुजी) ने बताया कि संस्था ग्रामीण व नगर क्षेत्र में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को हनुमान चालीसा से जोड़ने के लिए प्रतियोगिता कराती है। जिसमें जो बच्चे श्री हनुमान चालीसा का पाठ सुनाते हैं उन्हें श्री राम हनुमान जी का पटका पहनाकर पुरस्कार धनराशि देकर सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पेली विश्नोई में संस्था के सदस्यों व पेली ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम के मंदिर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान कुमारी तन्वी, मानवी विश्नोई, अभिनय, कार्तिकेय विश्नोई आदि ने हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया। जिस पर अरविंद चौधरी (गुरुजी) ने उनको पटका पहनाकर सम्मानित किया व पुरस्कार धनराशि दी। इस मौके पर सुभाष विश्नोई, बलराज, इन्दराज, जयपाल सिंह, महेश बिश्नोई, राम करन सिंह, सौरभ, विपिन चौधरी, राम रतन सिंह, विकास शर्मा, वंश कश्यप, अंकुल यादव आदि मौजूद रहे।



रैली निकाल कर जागरूक करते नगर पंचायत कर्मी। ● अमृत विचार

### प्लास्टिक, पॉलिथीन व डिस्पोजल का प्रयोग न करें

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे पर नगर पंचायत ऊमरी कलां में प्लास्टिक पॉलिथीन एवं डिस्पोजल आदि का उपयोग न करने के प्रति नागरिकों को जागरूक किया। नगर पंचायत ऊमरी कलां में अधिशासी अधिकारी स्वेतांक सारस्वत के नेतृत्व मे शपथ दिलाई गई एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नगरवासियों से प्लास्टिक पॉलिथीन एवं डिस्पोजल आदि का उपयोग न करने की अपील की गई और नगर को प्लास्टिक फ्री बनाने का आह्वान भी किया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को कपडे के थैले का वितरण किया गया। इस अभियान में जयकुमार लिपिक, सुरेंद्र सिंह लिपिक, ब्रांड अम्बेडसर मो. जीशान ऊमरी कलां व कम्प्यूटर ऑपरेटर अंकुर विश्नोई तथा स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।

### डॉ. सौरभ रेडियंट डायमंड अचीवमेंट अवार्ड्स से सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम नींगू नंगला स्थित राजकीय आईटीआई संस्थान में इंदिरा गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन (आईसीजीसीएसएम) के चेयरमैन डॉ. सौरभ सिंघल को रेडियंट डायमंड अचीवमेंट अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। विक्टरी वेन्चर्स टैलंट प्रोमोशन के बैनर तले कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया रफी मार्ग दिल्ली में आयोजित समारोह में ग्राम नींगू नंगला, कांठ स्थित राजकीय आईटीआई संस्थान में आईसीजीसीएसएम के चेयरमैन डॉ. सौरभ सिंघल को मुख्य अतिथि फिल्मी कलाकार मुश्ताक खान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में रेडियंट डायमंड अचीवमेंट वाड्र्स 2024 से सम्मानित किया गया।



डॉ. सौरभ सिंघल को सम्मानित करते कलाकार मुश्ताक खान।

## बारिश ने भीषण गर्मी से दिलाई राहत, किसानों के चेहरे खिले

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बुधवार को सुबह आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। उसके बाद पूरे दिन हल्की बारिश होती रही जिससे लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की है। वहीं बारिश से खेत जलमग्न होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों ने धान की रोपाई का कार्य भी शुरू कर दिया है।

पिछले कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान थे। बुधवार को सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हो गया। पूरा दिन रुक- रुक कर बारिश होती रही। जिसके कारण परिषदीय स्कूलों, सरकारी परिसर व सड़कें जलमग्न हो गईं। क्षेत्र के कई प्राथमिक विद्यालयों में बारिश का पानी भर जाने से छोटे-छोटे बच्चे पानी में निकलते हुए दिखाई दिए। वहीं नगर के मोहल्ला फकीरगंज, माननगर, पट्टीवाला के रास्ते में पानी लोगों की दुकानों और घरों में घुस गया। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही बारिश फसलों के लिए वरदान साबित हुई। किसान वीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, जितेंद्र, जीतू, दर्शन सिंह, राजेंद्र, पिंटू ने बारिश को फसलों के लिए वरदान बताया है। इस बारिश से किसानों ने धान रोपाई का कार्य तेजी से करना शुरू कर दिया है।


बारिश में विद्यालय जाते छात्र-छात्राएं।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डीएम का किया स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने व्यापारियों के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी अनुज सिंह और सीडीओ सुमित यादव को राधा कृष्ण की मूर्ति भेंटकर स्वागत किया। बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव के बिलारी आगमन पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन अपनी कार्यकारिणी के साथ जिलाधिकारी और सीडीओ से मिलने पहुंचे। उन्होंने दोनो अधिकारियों का राधा-कृष्ण की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सुरेंद्र कुमार चुग, शिव ओम गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, संजय राणा, रनवीर सिंह, दुष्यंत चौहान, चंदन डूडेजा आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बरसे बादल, सड़कें जलमग्न

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मंगलवार की रात्रि से तेज व पर रुक-रुककर हो रही बारिश से एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वही जलभराव से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

जुलाई में मानसूनी बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार की देर रात्रि से बुधवार की देर शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। लोग जरूरी काम से ही अपने घरों से बाहर निकले। बारिश से एक ओर जहां मौसम सुहावना हो गया वही गर्मी से भी राहत मिली है। वही नाले-नालियों की साफ-सफाई न होने से सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर नगर में घर-घर जल योजना के तहत खोदी गई पानी की लाइन के गड्ढों में पानी भर जाने के कारण रास्तों में कीचड़ हो गयी। तहसील मुख्यालय के निकट खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गेट के सामने जल भराव हो गया। तहसील मुख्यालय से सरकारी अस्पताल रोड पर बनी दुकानों के सामने रास्ते में पानी भर गया।



खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गेट के सामने जल भराव की स्थिति।

### धान की रोपाई के लिए बारिश वरदान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि से हो रही बारिश किसानों के खेतों में फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है। झमाझम बारिश से खेत लबालब हो गए हैं। किसानों ने धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। हरपाल सिंह, सुखदेव सिंह का कहना है कि यह बारिश किसानों के हिसाब से सही समय पर हुई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि यह बारिश फसलों के लिए बेहद फायदेमंद है। किसानों के खेतों में खड़ी सभी फसलों को लाभ मिलेगा।

**महंगाई** आलू, टमाटर के बाद प्याज और लौकी के भी बढ़े दाम

# सब्जियां महंगी होने से बिगड़ा बजट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** एक ओर जहां बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है वहीं सब्जियों के बढ़ते दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। आलू, टमाटर के बाद लौकी और प्याज ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं।

नगर में बुधवार को लगने वाले सब्जी बाजार में लोग सब्जी लेने तो पहुंचे। वहां सब्जियों के अत्याधिक भाव सुनकर कुछ लोग बिना सब्जी खरीदें वापस लौट आए। सब्जियों के दाम में थोक और फुटकर में भी काफी अंतर है। बाजार में कुछ दिन पहले तक 15 से 20 बिकने वाला आलू 30 से 35 रुपये किलो बेचा जा रहा है। 20 से 25 रुपये बिकने वाली प्याज 50 किलो, 30 रुपये बिकने वाली लौकी 40 से 50 रुपये किलो, टमाटर 40 रुपये किलो बिकने वाला 60 से 70 रुपए किलो, तुरई 40 रुपये किलो, अरबी 60 किलो, नींबू 200 किलो, करेला 80 किलो बिक रहा है। जिससे मध्यम वर्गीय व गरीब परिवारों पर अधिक असर पड़ रहा है। साथ ही गृहणियों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। उन्हें रसोई का बजट संभालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुटकर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सोमवार से शुरू हुई बारिश के कारण सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। सब्जी विक्रेता आलम का कहना है कि बरसात की मार सब्जियों पर भारी पड़ रही है। हमें भी थोक मंडी से सब्जियां महंगी मिल रही हैं। बुध बाजार में सब्जी खरीदने आई महिला मीनाक्षी व सुमन देवी ने बताया कि सब्जियों के अत्यधिक दाम बढ़ने से उनकी रसोई का बजट बिगड़ गया है।


ठाकुरद्वारा में सब्जियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार

## रेलवे क्रॉसिंग के पास गहरे गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर में रेल क्रॉसिंग 433/बी के पास सड़क में गहरे गड्ढे होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इन गड्ढों में जहां ई रिक्शा पलट रही हैं तो वहीं बड़े वाहनों का भी पलटने का अंदेशा बना हुआ है।

नगर में थाना चौराहा के सामने कांठ अमरोहा मार्ग पर रेल क्रॉसिंग 433/बी पड़ता है। इस मार्ग पर पूरा दिन वाहनों का भारी आवागमन रहता है। जिसके कारण क्रॉसिंग के दोनों और सड़क मार्ग में काफी गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। कई जगह सड़क कटने के कारण इन गड्ढों में ई-रिक्शा पलट रही हैं।

वहीं साइकिल सवारों व अन्य वाहन चालकों को भी गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द ही इन गहरे गड्ढों को नहीं भरवाया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर रेल क्रॉसिंग 432/बी पर भी सड़कों में गड्ढों का यही हाल है।

इसके अलावा नगर में थाना चौराहा के सामने, पुराना बस स्टैंड, गांधी आश्रम चौराहा एवं मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग में भी कई बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। जिम्मेदार इन गड्ढों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल्द ही गड्ढे नहीं भरे गए तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।


रेलवे क्रॉसिंग के पास हुए गहरे गड्ढे।

# व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बिलारी तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अदालतों में मुकदमों की कार्य प्रगति को देखा तो वही अन्य विभागों की कार्य प्रणाली का जायजा लिया। डीएम ने व्यवस्थाओं में खामियां पाए जाने पर उन्हें दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

बुधवार को जिलाधिकारी प्रथम बार बिलारी तहसील पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने तहसील परिसर में वन विभाग के अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। इसके बाद तहसील में एसडीएम अदालत में पहुंचे और वहां मुकदमों की प्रगति को देखा। मुकदमों के निस्तारण के रजिस्टर व ऑनलाइन प्रक्रिया को चेक किया। तहसीलदार न्यायिक के कोर्ट में मुकदमा निस्तारण प्रवृत्ति को जाना तो वहीं तहसीलदार कमलेश कुमार की कोर्ट में पहुंचकर सारी व्यवस्थाएं देखी। महिला हेल्प डेस्क में बिजली की स्थिति को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वोटर लिस्ट मेंटेनेंस के बारे में भी जानकारी ली, साथ ही आरसी रिकॉर्ड को कंप्यूटर से निकलवाकर चेक किया। 15 करोड़ के करीब बकाए की वसूली के लिए निर्देश दिए। इसके बाद भूलेख अभिलेखागार, राजस्व खतौनी कक्ष आदि का निरीक्षण किया।


रामगंगा नदी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने रामगंगा नदी का किया निरीक्षण

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर जैतवारा से निकालकर जाने वाली रामगंगा नदी के पुल पर पहुंचकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने निरीक्षण किया। साथ ही बाढ़ की आशंका के चलते अतिरिक्त प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम बिलारी मनी अरोड़ा, नायब तहसीलदार लोकेश यादव, कानूनगो सैयद मोहम्मद अहमद, थाना प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी राजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

## अधिकतम तापमान 27 डिग्री, जलभराव से यातायात प्रभावित, बिजली आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह से शाम तक लगातार बारिश होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से छुटकारा मिल गया। बारिश से शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गईं। बारिश से एक ओर जहां मौसम सुहाना हो गया, तो वहीं शहर में हुए जलभराव ने सूरत बिगाड़ दी। इससे दुकानदार और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार हुई बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी।

पिछले कई दिनों से मौसम सुहावना बना हुआ है। मानसून आने से बारिश भी खूब हो रही है। मंगलवार को भी सुबह से लेकर दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई थी। इसके बाद बुधवार को फिर जमकर बदरा बरसे। सुबह करीब चार बजे बारिश शुरू हो गई। तो बुधवार को सारा दिन होती रही। कभी धीमे तो कभी तेज जमकर बारिश हुई। बिना छाते के बाहर निकलने वाले लोगों को बारिश ने खूब भिगोया। बारिश ने मौसम खुशनुमा करते हुए पिछले कई दिन से पड़ रही गर्मी पर लगाम लगा दी। शाम तक खूब झमाझम बारिश हुई। बारिश थमने के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवा चलती रही। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं बुधवार को तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री था, वहीं बुधवार को सारा दिन हुई बारिश से तापमान घटकर 27 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बारिश ने आम जनमानस को जहां भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं फसलों के फायदे से किसान भी खुश हैं। वहीं, कृषि अधिकारी ने बताया संभावना है कि इस सप्ताह मानसून बना रहेगा। लेकिन, बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जलभराव के चलते जरूर आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह बच्चे बारिश में भीगते हुए स्कूल पहुंचे। बारिश से शहर के बिजनौर मार्ग, आजाद रोड, कोट चौराहा, बसावन गंज, बड़ा बाजार, अतरासी चौराहा, टीपी नगर चौराहा, लकड़ा चौराहा पर जलभराव हो गया। इसके चलते गंदा पानी सड़कों पर आ गया। जिससे राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।


अमरोहा में बिजनौर रोड पर बारिश के बाद जलभराव से निकलते वाहन। ● अमृत विचार


अमरोहा के कैलसा बाईपास मार्ग पर बारिश के बाद जलभराव । ● अमृत विचार

### भीगते हुए स्कूल पहुंचे बच्चे

**बुरावली, अमृत विचार :** तीन दिनों से हो रही बारिश से आमजन को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मंगलवार रात करीब दो बजे से बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई। रिमझिम बौछारों के बीच बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया। दूसरी ओर लगातार बारिश से गांव में कई जगह जलभराव हो गया। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार को दिनभर रुक–रुककर बारिश होती रही। बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। 13 घंटे तक बिजली गुल रही।


बुरावली में छाता लगाकर स्कूल जाते बच्चे।

### जर्जर मकान के स्वामियों को पालिका ने दिया नोटिस

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए नगर पालिका ने हादसों को रोकने के लिए जर्जर मकानों के मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि वह अपने जर्जर मकान को खुद तोड़ने की कार्रवाई करें अन्यथा नगर पालिका को मकान गिरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि लगातार बारिश से कई जर्जर मकानों के गिरने की आशंका है। मकान के गिरने से कोई हादसा न हो, इसके लिए जर्जर मकान के मालिकों को नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी कर दिया गया है।

## एक नजर

### सांड़ के हमले में बुजुर्ग घायल

**मंडी धनौरा/बछरायूं, अमृत विचार :** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर गर्वी निवासी होराम सिंह पुत्र हेतराम सिंह अपने घेर से घर पर जा रहा था। जैसे ही होराम सिंह घर पहुंचे तभी उन पर गांव में घूम रहे सांड ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से उन्हें धनौरा में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। बता दें कि बीते दिनों भी थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा निवासी बुजुर्ग व्यक्ति पर भी सांड ने हमला कर घायल किया था।

### चारा काटते समय युवक का हाथ कटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव सहसौली में मशीन से चारा काटते समय युवक का हाथ कट गया। बुधवार दोपहर गांव निवासी राकेश पुत्र रामकुमार मशीन से चारा काट रहा था। तभी अचानक उसका हाथ मशीन में चला गया और राकेश का हाथ भी कट गया। राकेश की आवाज सुनकर परिजनों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे गजरौला सीएचसी लेकर पहुंचे, तो चिकित्सक ने अमरोहा के लिए रेफर कर दिया। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### करंट की चपेट में आकर घोड़ी की मौत

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मंगलवार रात थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर मे हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिससे बिजली के खंभे में करंट उतर गया। तभी ग्राम मोहद्दीनपुर निवासी डालचंद पुत्र जगत सिंह की घोड़ी करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली के खंभे जर्जर हालत में हैं। हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से विद्युत पोल में करंट आ गया था। जिससे घोड़ी की मौके पर मौत हो गई।

### छेड़छाड़ के आरोपी का चालान कर भेजा जेल

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती का परिवार खेत में पौध लगाने गया था। मंगलवार दोपहर युवती खेत से घर दवा खाने आई थी। युवती को अकेला देख युवक घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और भाग रहे युवक को पकड़कर और पुलिस को सौंप दिया। सूचना पाकर खेत से घर पहुंचे परिजनों को युवती ने घटना बताई। पीड़िता की मां थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि मामले में वसीम पुत्र इकबाल निवासी बुरावली पर छेड़छाड़ में रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया।


गजरौला में बारिश के बाद सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

# कालोनियों में भरा पानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बुधवार की तड़के से दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली।

किसानों का कहना है कि बारिश फसलों के लिए संजीवनी बनकर आई है। शहर के कई क्षेत्रों में धान की रोपाई भी किसानों ने प्रारंभ कर दी। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी एके मिश्र का कहना है कि बारिश से गन्ना, धान, हरा चारा समेत अन्य फसलों को फायदा मिला है। बुधवार को बारिश होने से थाना, सीएचसी कालोनी, बस्ती मार्ग पर जलभराव होने से वाहन चालकों व लोगों को परेशानी हुई।

### पशुशाला ढहने से एक पशु की मौत, तीन घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव फूलपुर गढ़ी निवासी त्रिवेणी पुत्र मोहन के घर के पास ही उसकी पशुशाला है। बुधवार सुबह चार बजे बारिश के कारण उसकी पशुशाला ढह गई। जिससे उसमें बंधे हुए एक पशु की मौत हो गई तथा तीन पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों के निर्देश पर लेखपाल खुशी त्यागी मौके पर पहुंची और जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को दी।

### बारिश के दौरान ठप रही नगर की बिजली आपूर्ति

**अमरोहा, अमृत विचार :** बारिश के कारण विद्युत विभाग का वसूली अभियान रुक गया है। जबकि विभाग के अधिकारियों को बाधित हुई बिजली आपूर्ति को सुचारु करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है।

नगर में हो रही बारिश के कारण विद्युत विभाग का वसूली अभियान ठंडा पड़ गया है। विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि बारिश के कारण वसूली और चेकिंग अभियान को रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण नगर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत लाइन में फाल्ट हो जाने के कारण बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जिसको सुचारु करने में विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को कडी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि नगर के जामा मस्जिद और वासुदेव मंदिर क्षेत्र में बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। लाइन में आई खराबी को ठीक करने के बाद बिजली आपूर्ति को सुचारू कर दिया गया है।

# बारिश में नालों का निरीक्षण कर सफाई कराई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारी बारिश के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने जलभराव समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने नालों को जेसीबी से साफ कराया।

बुधवार को ईओ ने गंदे नालों का निरीक्षण किया और जेसीबी से सफाई कराई। ईओ ने बारिश से पहले पालिका के सफाई निरीक्षक व अन्य अधिकारियों को नाला सफाई के आदेश दिए थे। उस समय नालों की सफाई तो की गई थी, लेकिन बाद में कुछ लोगों द्वारा गंदगी को फिर से नाले में डाल दिया गया, जिससे जलभराव हो गया। ईओ ने लोगों से अपील की है कि कूड़ा नाले में न डालकर कूड़ेदान में ही डालें। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर की जलभराव समस्या 12 घंटे में दूर होती थी। अब यह समस्या मात्र डेढ़ घंटे में दूर हो रही है। जल्द ही समस्या को समाप्त कर दिया जाएगा।


अमरोहा में नाला साफ कराते ईओ।


हसनपुर में नाले का निरीक्षण करते पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### चेयरमैन ने जलभराव से छुटकारे के लिए कराई सफाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के बस स्टैंड चौराहे पर जलभराव के निस्तारण के लिए पालिका अध्यक्ष पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। चेयरमैन ने पालिका के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर कार्य शुरू कराया। बता दें कि चेतन चौहान मार्ग के चौराहे पर जलभराव से राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण कई बार ई–रिक्शा एवं बाइकें पानी में गिर चुकी हैं। बुधवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया और समस्या के निस्तारण की बात कही। इसके बाद पालिका अध्यक्ष द्वारा पालिका के कर्मचारियों को मौके पर बुलवाया और सफाई शुरु कराई। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई प्रीतम सिंह, एई आजम वारसी, रवि शंकर शर्मा, पवन राज आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी लेखपाल ने खेतों को एक जगह करने के नाम पर 3.12 लाख रुपये हड़पे

- रुपये लेने के बाद लेखपाल कर रहा था टालमटोल
- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने लेखपाल पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के किसान से चकबंदी प्रक्रिया के दौरान लेखपाल ने तीन चकों को एक स्थान पर करने की एवज में 3 लाख 12 हजार रुपये हड़प लिए। किसान ने जब लेखपाल से काम न होने पर रुपये वापस मांगे तो लेखपाल ने किसान की पिटाई की तथा बीच-बचाव करने आईं पुत्र वधुओं से अश्लील हरकते की और मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के भीमा सुल्तानपुर गांव निवासी शोभाराम पुत्र मुन्नी की पत्नी मनभरी के नाम गांव जयतौली एतमाली में लगभग 32 बीघा जमीन है। जिसके अलग अलग स्थानों पर तीन चक है। जयतौली एतमाली में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। किसान शोभाराम का आरोप है कि लगभग दो वर्ष पहले चकबंदी लेखपाल गनेशी ने तीनों चकों को एक स्थान पर करने के लिए सरकारी खर्च बताकर चार किश्तों में 3 लाख 12 हजार रुपये ले लिए। किसान ने कुछ समय बाद जमीन के एक स्थान पर होने के बारे में लेखपाल से बात की तो वह टालमटोल करके टालता रहा। 15 मई को किसान शोभाराम अपनी पुत्र वधू सरवती पत्नी जयप्रकाश व राजो पत्नी जोगराम के साथ हसनपुर तहसील गया था। वहां तहसील के बाहर लेखपाल गनेशी मिल गया। शोभाराम ने लेखपाल से रुपये वापस मांगे तो वह मारपीट करने लगा तथा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। लेखपाल से किसान को बचाने आई पुत्र वधुओं के साथ मारपीट की व अश्लील हरकतें भी कीं। किसान ने पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर आदमपुर पुलिस ने लेखपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना प्रभारी शौकेन्द्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर लेखपाल गनेशी पर मारपीट और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला का शव बाग में आम के पेड़ से लटका मिला

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मंगलवार देर रात संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। महिला का शव आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत की पुष्टि हुई है।

मंगलवार की देर रात्रि थाना क्षेत्र के गांव कलाली निवासी पूनम देवी पत्नी जयदेव 38 वर्ष का शव संदिग्ध हालात में आम के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। शव मिलने की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और महिला के शव को नीचे उतरवाया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से मौत की पुष्टि हुई है। परिजनों द्वारा मामले में तहरीर नहीं दी गई है।

### युवक का शव मिला

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटका मिला। कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर तीन के गांव में मंगलवार रात 20 वर्षीय युवक का शव अपने ही मकान के कमरे में फंदे में लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है युवक ने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के बुधवार को युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**बैठक** बीईओ ने पौधरोपण का भी किया आह्वान, कहा जो बच्चे छह वर्ष आयु पूरी कर चुके उनका विद्यालय में कराएं नामांकन

# छात्रों के अभिभावकों को जल्द मिलेंगे डीबीटी के 1200 रुपये

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में माह के प्रथम बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह ने की एवं संचालन विद्यालय समिति के सचिव विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने किया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता भी रहीं।

खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी आरती गुप्ता ने माह के प्रथम बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में नवीन नामांकन पर चर्चा करते हुए कहा कि कहा कि वर्तमान सत्र 01 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। जिन बच्चों की आयु 31 जुलाई 2024 तक 6 वर्ष की आयु पूरी हो गई है। उनका नामांकन हो सकेगा, छह वर्ष से कम आयु के बच्चे को संबंधित बाल वाटिका में भेजा जाएगा। उन्होंने उपस्थित विद्यालय समिति के सभी सदस्यों एवं अभिभावकों से छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान भी किया। इसके उपरांत पौधरोपण पर चर्चा की। कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का इस बार बहुत ज्यादा प्रभाव रहा है और तापमान भी बहुत ज्यादा रहा है। जिससे हीट स्ट्रोक के कारण बहुत से लोग बीमार हुए और कई की मौत हो गई। अतः पर्यावरण प्रदूषण से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। समिति के सचिव और विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा कि यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मौज एवं स्टेशनरी के लिए दी जाने वाली डीबीटी के अंतर्गत 1200 रुपये की धनराशि खातों में भेजने का आरंभ मुख्यमंत्री द्वारा कर दिया गया है। इसके अलावा संचारी रोगों के नियंत्रण अभियान पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में संचारी रोग पनप रहे हैं। उनसे बचने के लिए अपने आसपास गंदा पानी न एकत्र होने दें, मच्छरदानी लगाकर सोएं और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। इस अवसर पर एआरपी विकास राहुल, राधा, संकुल शिक्षक संजय सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, ताराचंद, मोहित कुमार, राहुल कुमार, रूपचंद सिंह, रमेश सिंह, नरेंद्र कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, अजय सागर, दीपचंद सिंह, शीशपाल सिंह, राशिद अली, संतराम सिंह, नेमवती, कमलेश, हेमलता, सोना, संतोष, रेनू कंसल, चंद्रमुखी, स्वालेहा आदि मौजूद रहे।


प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में बैठक में बोलते अध्यापक रामवीर सिंह।



# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण अवश्य करें

## एसडीएम ने तहसील परिसर में लगाए 10 पौधे, पर्यावरण संरक्षण को बताया जिम्मेदारी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** वन महोत्सव सप्ताह के तहत एसडीएम चंद्रकांता ने तहसील परिसर में वन क्षेत्राधिकारी व कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने वर्तमान में किए गए पौधरोपण को भविष्य के लिए वरदान बताया।

बुधवार को तहसील परिसर में एसडीएम चंद्रकांता ने वन क्षेत्राधिकारी संजय चौधरी के साथ जामुन, अमरूद, सागौन व बरगद के 10 पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व में बढ़ रहे प्रदूषण के चलते वातावरण दूषित हो रहा है। धरती के तापमान में इजाफा हो रहा है। इस कारण मौसम का संतुलन बिगड़ गया है। तापमान को नियंत्रित करने व वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए पौधे लगाना समय की जरूरत है। पेड़ जहां मनुष्य को शुद्ध हवा देते हैं, वहीं वातावरण में संतुलन बनाए रखते हैं। पौधरोपण करने के साथ उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। हम सब को अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों व खाली स्थानों पर पौधे लगाने होंगे। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उनकी देखभाल भी स्वयं करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पेड़ों के अंधाधुंध कटान पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर वन दरोगा, राकेश कुमार, विनोद कुमार, कैलाश चंद, स्टेनो श्याम बाबू आदि मौजूद रहे।

- **पौधरोपण के बाद उसकी देखभाल भी करें : एसडीएम**
- **कहा-पौधे लगाने से सुरक्षित रहेगा पर्यावरण का संतुलन**



मंडी धनौरा में पौधा लगातीं एसडीएम चंद्रकांता। ● अमृत विचार



गजरौला में प्राथमिक विद्यालय में पौधे वितरण करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### नमामि गंगे गंगा विचार मंच के पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**गजरौला, अमृत विचार :** नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक संजय सिंह गौर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। बुधवार को पौधरोपण मां गंगा के पावनधाम तिगरी गंगा घाट से स्नान कर आरम्भ किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग पर्यावरण संयोजक सुधांशु ने गंगा धाम तिगरी पर शैलेश शर्मा के साथ मिलकर पौधे रोपे। उच्च प्राथमिक विद्यालय गजरौला की प्रधानाचार्या रेखारानी और शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। सुधांशु ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। यह प्रकृति हमें सब कुछ देती है। यह क्रम निरन्तर बना रहे। इसलिए महत्वपूर्ण है कि हम सभी अपने अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। जिला संयोजक संजय सिंह ने बताया कि उनकी टीम निरन्तर कई वर्षों से पौधे लगाने और जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी रणवीर सिंह, विरेंद्र सिंह, विवेक, प्रदीप, अतुल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वन विभाग ने दो आरा मशीनें सीज कीं

**डिडौली, अमृत विचार :** वन विभाग के उप प्रभागीय वन अधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने जोया में छापा मारकर अवैध रूप से चल रही दो आरा मशीनों को पड़ककर सीज कर दिया है। एक आरोपी के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मामला पहले से पंजीकृत है। वन अधिकारी के नेतृत्व में वन दरोगा पीसी सिंह, विनोद सिंह सजवाण, क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार के साथ जोया में छापा मारकर अवैध रूप से चल रही दो आरा मशीनों को सीज कर दिया। इस मामले में रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

### अमरोहा डिपो को दो दिन में पांच लाख का नुकसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं रोडवेज को दो दिन में पां लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि बारिश का कारण यात्री नहीं मिलने से रोडवेज की बसों को कम सवारी लेकर ही मार्ग पर दौड़ना पड़ा। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण रोडवेज की बस अपना टारगेट पूरा नहीं कर सकी। जिस कारण दो दिनों में अमरोहा डिपो को पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा की कांवड़ यात्रा को लेकर बताया कि इस यात्रा के दौरान रोडवेज बसों को मार्ग बदलकर चलाया जाता है। इस महीने में भी परिवहन निगम को अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ेगा।

### गंदगी के विरोध में ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव में पसरी गंदगी के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बरसात में गंदगी के कारण संक्रामक रोगों के पैर पसारने का अंदेशा जताया। क्षेत्र के गांव दारानगर में बीते कई माह से गंदगी पसरी है। बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव के साथ ही कीचड़ जमा है। बुधवार सुबह इसके विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। गांव में विकास कार्य नहीं करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों से लगातार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हो पाने की बात कही। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। इस दौरान जयराम, सुरेंद्र, जसवंत, विरेंद्र, यादराम, सुखदेव, टीकम, जगदीश, मान सिंह, हरगोविंद, बुद्धन, कलवा, फूल सिंह रहे।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी।



हसनपुर में शोक सभा में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## अधिवक्ताओं ने हाथरस हादसे पर जताया शोक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा शोक सभा बुधवार को तहसील प्रांगण में की ।

बार के अध्यक्ष गंगासरन ने कहा कि मंगलवार को हाथरस के रतिभानपुर में धार्मिक समागम कार्यक्रम में मची भगदड़ में 120 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित गुप्ता ने कहा बार एसोसिएशन हृदय विदारक घटना में मृतकों एवं घायलों के प्रति गहरी संवेदनाएं रखती है। शोक सभा में तहसीलदार हसनपुर सुदीप कुमार, शिवचरन सिंह, ऋषिपाल चौहान, श्यौराज राणा, रामचन्द्र सिंह, फतेह सिंह खड़गवंशी, नरेश पाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, सुनील भटनागर, वीर सिंह, महावीर सिंह, महीपाल सिंह, सुबोध शर्मा, मेघराज सिंह, डॉ. इसरार खां, आफताब आलम, नंदराम सागर, परवेज आलम आदि रहे।

### मारपीट में ब्लॉक प्रमुख के पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगली, अमृत विचार :** उधार के रुपये मांगने पर दुकानदार से मारपीट के मामले में पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख के पुत्र व पूर्व ब्लाक प्रमुख के पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सैदनगली के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी कैंटीन संचालक विकास कुमार पुत्र कलुआ सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि वह केंटीन चलाता है। ब्लॉक प्रमुख के पुत्र उदित गुर्जर व पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश गुर्जर के पुत्र प्रिंस गुर्जर ने उधार के 10,000 रुपये मांगने पर उसके साथ मारपीट की थी। उसे बचाने आये उसके भाई को भी पीटकर चोटिल कर दिया था। पीड़ित का कहना था कि मारपीट करने वालों ने अपने को सत्ताधारी होने की धमकी देते हुए कहा था उनका कुछ बाल बांका भी नहीं होगा। इस मामले की पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की गई थी। पुलिस ने प्रिंस गुर्जर व उदित गुर्जर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सड़क पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, हसनपुर

- **धान की रोपाई के लिए फूफा के घर आया था रूपचंद, मंगलवार शाम पैदल ननिहाल गया था**

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला। मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शीशोवाली निवासी 22 वर्षीय रूपचंद पुत्र डोरी सिंह कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा निवासी अपने फूफा मुखिया के घर पर 10 दिन पहले धान की रोपाई करने के लिए आया था। वह फूफा के खेतों में धान की बोआई करवाने के लिए रुक गया था। मंगलवार शाम रूपचंद अपनी ननिहाल आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर जाने को कहकर बाईखेड़ा से पैदल ही निकल गया था। इसके बाद संभल मार्ग पर गांव कालाखेड़ा के पुल के निकट सड़क पर रूपचंद का शव पडा मिला। रात्रि करीब दो बजे पुलिस ने उसकी जेब से मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी। रोते बिलखते परिजन बुधवार सुबह कोतवाली पहुंच गये। तब पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही युवक का शव ब्लॉक तिराहे पर पहुंचा तो भारी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंच गये। युवक की मौत के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। मामले में कोइ तहरीर नहीं दी गई है।

## सार-संक्षेप

### सुभासपा ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**अमरोहा, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक माया शंकर को सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि डीपीआरओ कार्यालय में तैनात सफाई कर्मियों को मूल जगह पर भेजा जाए। बुधवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और एडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि जनपद में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में कई सफाई कर्मचारियों को मूल तैनाती से अलग संबद्ध किया है। जिलाधिकारी ने भी 25 जून को आदेश दिया था कि सफाई कर्मचारियों की मूल तैनाती पर ही तैनात किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय, ब्लॉकों में करीब 60 से 70 सफाई कर्मचारियों को अनावश्यक रखा गया है। जिससे गांवों की सफाई व्यवस्था खराब हो रही है और गांवों में गंदगी पसरी रहती है। ज्ञापन देने वालों में आदेश अमरोही, बाबू रामपाल, डॉ. जगत सिंह गुर्जर, समीर सिद्दीकी, शाहरुख खान आदि मौजूद रहे।



हसनपुर के गांव पथरा मुस्तकम में रास्ते की सफाई करता युवक। ● अमृत विचार

### गांव के मुख्य मार्ग पर गंदगी से ग्रामीणों में रोष

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत पथरा मुस्तकम में मुख्य रास्ते पर जलभराव व कीचड़ से ग्राम वासियों का जीना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्राम प्रधान के पति से गुहार लगाई गई, लेकिन सफाई व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बुधवार को ग्राम वासियों ने एकत्र हो स्वयं के साधनों से स्वच्छता कार्य किया। ग्राम प्रधान के पति या प्रशासनिक कर्मचारी इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे। जिससे ग्राम पंचायत के निवासियों में आक्रोश व विरोध की स्थिति है। इस मौके पर पीतल सिंह, केशव, मंगल, नरेंद्र, हरीश कुमार, मिठन सिंह, भागवत, सत्यप्रकाश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



हसनपुर में चिकित्सक को सम्मानित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### रोटरी क्लब ने चिकित्सकों को सम्मानित किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** डॉक्टर डे पर रोटरी क्लब के हसनपुर के पदाधिकारी द्वारा नगर के चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब हसनपुर द्वारा डॉक्टर्स डे पर नगर के 10 चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में उनके द्वारा किए कार्यों एवं सक्रिय सेवा भाव के लिए क्लब द्वारा मंगलवार को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संतोष अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल, ट्रेनर महेंद्र अग्रवाल,अर्पण गुप्ता, कुलभूषण सक्सेना,अभिषेक अग्रवाल, अंकित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर ज्ञापन देते पूर्व सैनिक।

### पूर्व सैनिकों ने अधीक्षण अभियंता को दिया ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात पूर्व सैनिक एसएसओ को कार्य मुक्त किए जाने के विरोध में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंप कर न हटाने की मांग की है। विद्युत उपकेंद्रों पर पूर्व सैनिक एसएसओ को तैनात किया गया था। इनको तीन जुलाई शाम छह बजे के बाद हटाने के आदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम बरेली ने नए नियम के अनुसार हटाने के थे। जिसके तहत इन सभी भूतपूर्व सैनिकों को विद्युत उपकेंद्र से हटा दिया जाना है। बुधवार को सभी भूतपूर्व सैनिक एकत्र होकर जोया रोड स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने ज्ञापन देकर ड्यूटी से न हटाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामौतार कपासिया, राजीव कुमार, राजपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, मनोज कुमार, सुनील कुमार विश्नोई, रजनीश कुमार, लोकेंद्र सिंह, योगराज सिंह, अमित कुमार आदि शामिल रहे।

### खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** टीचर कालोनी स्थित श्री नवदुर्गा मंदिर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा संकीर्तन किया गया। संकीर्तन में दीपक शर्मा, अर्पित कौशिक, मीनू शर्मा, देव शर्मा, शौर्य मित्तल, लक्की अग्रवा, कृष वर्मा ने भजन सुनाए। इस दौरान बाबा के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। बाबा श्याम को खीर, चूरमे, बूंदी के लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। सर्वेश शर्मा, सुमन, पारस, सचिन, नीरज रस्तौगी, सौरभ शर्मा, पूनम, ज्योति, नरेंद्र, पीतम सिंह, विशाल, हर्ष, महेश, राखी, धर्मेंद्र, नमन राजेन्द्र, त्रिलोक, आदि भक्त मौजूद रहे।



पौधरोपण करते सदर विधायक महबूब अली व अन्य। ● अमृत विचार

## जीवन हैं वृक्ष, अधिक से अधिक करें पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सदर विधायक महबूब अली ने अब्दुल करीम खान इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पौधरोपण का आह्वान भी किया। कहा कि वृक्ष ही जीवन हैं, अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

बुधवार को सदर विधायक महबूब अली ने वन महोत्सव के तहत अब्दुल करीम खान इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया। महबूब अली ने कहा मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से पौधरोपण की आवश्यकता अधिक है। ऑक्सीजन के बिना मानव का जीवन असंभव है। इस समय तापमान वृद्धि को रोकने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। इस मौके पर नासिर सिद्दीकी, शशिकांत गोयल, इकरार अंसारी, कौसर अब्बासी, वहाब सैफी, रोमी शफात आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने 6 अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों के छह बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है।

बुधवार को पुलिस ने छह शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए उनकी हिस्ट्रीशीट खोली। जिनमें थाना रहरा पुलिस ने आरोपी औरंगजेब पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम मछरिया थाना रहरा, सैदनगली थाना पुलिस ने मुश्तजाब पुत्र अशफाक निवासी ग्राम जीहल, मुस्तफा पुत्र अशफाक निवासी ग्राम जीहल, हसनपुर कोतवाली पुलिस ने सलमान पुत्र सुल्तान अहमद निवासी मोहल्ला लालबाग कस्बा, अजीम पुत्र नईम निवासी मोहल्ला लालबाग कस्बा व नसीम पुत्र शरीफ निवासी ग्राम सिहाली जागीर थाना हसनपुर की हिस्ट्रीशीट खोली है। इन सभी आरोपियों को कई मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इन आरोपियों पर पुलिस की कड़ी नजर है।



हसनपुर में शराब की दुकान के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

## शराब की दुकान हटाने को 11वें दिन भी दिया धरना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के काला शहीद मोहल्ले में सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर मोहल्ले वासियों को 11 दिन धरना-प्रदर्शन करते हुए हो गए हैं।

लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा उनकी फरियाद सुनने की जहमत नहीं उठाई गई। जिससे प्रदर्शनकारियों में नाराजगी है। मोहल्ला काला शहीद स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग करते हुए मोहल्लेवासियों द्वारा दुकान के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन को बुधवार को 11 दिन हो गए हैं। मोहल्लेवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार दुकान हटाने के लिए आवाज बुलंद की गई थी, लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा आश्वासन देकर धरना हटवा दिया जाता था। प्रदर्शनकारियों का कहना है जब तक प्रशासन द्वारा मोहल्ले से यह देसी शराब की दुकान नहीं हटवाई जाएगी। जब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना देने वालों में तीरथ प्रकाश, दीपक कुमार, वंदना, जगवती, राजवती, सीमा, संतोष, मलिक, चंद्रावती, गीता, कृष्णा, शीतल, कुसुम, राकेश, लोकेश, महिपाल, अंसार आदि मौजूद रहे।

समीक्षा

टीकाकरण की जानकारी न देने पर सीएमओ से जताई नाराजगी, लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## जिलाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का नहीं मिला रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **गर्भवतियों और बच्चों के टीकाकरण की नहीं मिली जानकारी**
- **कुपोषित बच्चों को चिह्नित करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण मिशन के अन्तर्गत कन्वर्जेन्स एक्शन योजना की जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर आईसीडीएस के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की। गर्भवती महिलाओं, धात्री और नवजात शिशुओं की जांच ट्रीटमेंट टीकाकरण के लिए प्रत्येक बुधवार और शनिवार को लगने वाले सत्र में कितनी गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और बच्चों की जांच की गई, कितने का ट्रीटमेंट किया, इस संबंध में कोई भी रिकॉर्ड न मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने यहां तक कहा कि कुछ काम नहीं हो रहा है, केवल बैठक में बातें की जा रही हैं। बार-बार कहने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाए। विभाग की यह बड़ी लापरवाही है। हर मानक पर स्वास्थ्य विभाग की प्रगति खराब है, केवल आंकड़े दिखाए जा रहे हैं। काम न करने वाले कर्मचारियों पर अभी तक कई बार कहने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कुपोषित बच्चों का चिह्नांकन ठीक से न किये जाने, पोषण किट का वितरण में सन्तोषजनक जवाब न मिलने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी सहायिका की प्रगति खराब है, उसको चिह्नित करें और उनसे जवाब लिया जाए। गर्भवती व धात्री महिलाओं को दिया जाने वाला पूरक पोषाहार का वितरण समय से हो। आंगनबाड़ी सहायिका घर-घर जाकर कुपोषित बच्चों को चिह्नित करें और अधिक से अधिक बच्चों को भर्ती कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी चिकित्सक मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

### पात्रों के गोल्डन कार्ड बनाने के दिए निर्देश

**अमरोहा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के तहत बनाए जाने वाले गोल्डन कार्ड की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त कर प्रगति सुधारने के निर्देश दिया। कहा कि अभियान चलाकर जो भी छूटे हुए व्यक्ति हैं उनका कार्ड बनाया जाए। जिला स्वास्थ्य समिति के तहत आशाओं के भुगतान की समीक्षा में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी आशा है उनका समय से भुगतान दिया जाए। किसी का भी भुगतान लंबित न रहे। विभागीय योजनाओं में संतोषजनक गति न हो पाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर जिला अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

## गाली देने से मना किया तो सरिया मारकर युवक का सिर फोड़ा

संवाददाता, हसनपुर

- **घर के बाहर खड़े युवक को आरोपी नशे में दे रहा था गाली**
- **बीच बचाव करने आई अपनी पत्नी को भी किया घायल**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में नशे में धुत युवक को गाली देने को मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। शराबी अपने घर गया और सरिया लाकर कर युवक के सिर में मार दिया। युवक बुरी तरह से घायल हो गया। परिजन पीड़ित को लेकर कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाचोली में मंगलवार शाम गांव निवासी युवक यशपाल पुत्र चंद्र किरन अपने घर के निकट चौराहे पर खड़ा था। तभी गांव निवासी रामपाल नशे में वहां आकर युवक को गाली देने लगा युवक ने गाली देने को मना किया तो आरोपी अपने घर से सरिया लाया और युवक के सिर में मार दिया।

बीच बचाव को आई अपनी पत्नी कुसुम के सिर पर भी आरोपी ने सरिया दे मारा। जिससे वह भी घायल हो गई। घायल हालत में दोनों कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। जहां यशपाल की हालत को गंभीर देखते से हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। अमरोहा से घायल को मेरठ रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

## एक नजर

### खेत में करंट की चपेट में आकर सांड़ की मौत

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** खेत में करंट की चपेट में आकर सांड़ की मौत हो गई। इस मामले में आश्रम के बाबा ने पुलिस को तहरीर देकर उसके खेत से बराबर से बिजली के तार हटवाने की गुहार लगाई है। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी बाबा दरियाव सिंह ने कहा है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने खेत के चारों तरफ बिजली के तार लगा दिए हैं। करंट लगने से सांड़ की मौत हो गई। दरियाव सिंह का कहना है कि तारों की वजह से उसे भी करंट लग सकता है। इसलिए बिजली के तारों को खेत से हटाया जाए।

### गैंगरेप का चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले के थाना बिलारी क्षेत्र के एक गांव निवासी कपिल ने गांव के ही अपने साथी अमानत, मोती और कौशल के साथ मिलकर गांव में किशोरी के साथ दो बार दुष्कर्म किया था। बुधवार को सूचना मिलने पर नखासा थाना पुलिस ने कपिल को सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# बारिश में जलभराव से जूझ रही 10 हजार की आबादी

## मुहल्ला हातिम सराय, हौज भदेसराय और सोतीपुरा में कई दिनों से घरों के बाहर सड़क पर भरा है गंदा पानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बरसात के चलते शहर के तीन मुहल्लों में चौतरफा जलभराव हो गया है। कई दिनों से जलभराव के कारण करीब 10 हजार की आबादी दिक्कतों से जूझ रही है। आलम यह है कि लोग जरूरी काम के लिए ही घरों से निकल रहे हैं और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। यहां संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। लोगों ने प्रशासन से नाला निर्माण कराकर जल निकासी का इंतजाम कराने की मांग की है।

कई साल पहले मुहल्ला हौज भदेसराय तालाब में कई क्षेत्रों का पानी जमा होता था। समय बढ़ने पर तालाब का पटान हुआ तो तमाम मकान भी बना दिए गए। जिसके चलते तालाब तक बरसात का पानी पहुंचने में समस्या आने लगी। हालांकि नगर पालिका परिषद ने सड़कों और नालों का निर्माण कराया लेकिन वर्तमान में पानी तालाब तक नहीं पहुंच रहा है। जिस कारण कई दिनों से हो रही बरसात के चलते मलिन बस्ती मुहल्ला हौज भदेसराय, हातिम सराय और सोतीपुरा में चौतरफा जलभराव हो गया है। घरों के आगे गंदा पानी जमा होने के कारण लोग दुश्वारियों से जूझ रहे हैं। स्कूल जाने बच्चों को भी समस्या हो रही है। सड़कों पर जो गंदा पानी भरा है, उससे दुर्गंध उठ रही है तो संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां सरकारी बजट की बर्बादी की गई है। सड़कों और नालों का निर्माण इस हिसाब से नहीं कराया गया कि जिससे जल निकासी हो। करोड़ों रुपये की लागत से डाली गई पाइप लाइन चालू नहीं हो सकी है। अगर प्लान बनाकर एक बड़े नाले का निर्माण तालाब तक करा दिया जाए तो जलभराव की समस्या दूर हो सकती है।



हातिमसराय में घरों के बाहर सड़क पर जमा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

### ...तो तीन महीने जलभराव से जूझेंगे लोग

**संभल, अमृत विचार :** जलभराव को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं कराया तो करीब तीन महीने तक जलभराव रहेगा। पिछले वर्ष भी ऐसे ही हालात रहे थे। सड़कों पर भरा गंदा पानी सड़ता रहा और संक्रामक बीमारी भी फैली। इस बार भी ऐसे ही हालात बनते दिख रहे हैं।

- **संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा, जरूरी काम के लिए गंदे पानी से निकलकर जा रहे लोग**



बरसात के दिनों में जलभराव की वजह से समस्या हो रही है। पानी निकासी का इंतजाम होना चाहिए। यहां करोड़ों की लागत से डाली गई पाइप लाइन भी चालू नहीं हुई है। **-आकाश**



अगर हौज भदेसराय तालाब तक पानी चला जाए तो जलभराव नहीं होगा लेकिन जिम्मेदार समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। लोग दिक्कतों से जूझने के लिए मजबूर हैं। **-सतीश चंद्र**



जलभराव होने से तीन मुहल्लों में नरकीय हालात रहते हैं। लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। गंदा पानी जमा होने से संक्रामक बीमारी फैल सकती है। **-अशोक कुमार**



हौज भदेसराय तालाब के पटान की वजह से जलभराव रहता है। करीब तीन महीनों तक लोग दिक्कतों से जूझते हैं। इस समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए। **-श्यामलाल**



असमोली के मतावली पट्टी जग्गू गांव में बरसात से गिरी मकान की दीवार।

# बरसात में गिरी मकान की छत और दीवार, महिला घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- **महिला को बच्चों के साथ रहने के लिए पड़ोसी ने घर में दी जगह**

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान महिला के कच्चे मकान की छत और दीवार भरभरा कर गिर गई। मलबे में दबकर महिला घायल हो गई। आश्रयहीन महिला को अब पड़ोसी ने अपने घर में रहने के लिए जगह दी है।

थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू निवासी मुस्तकीम मंसूरी की करीब चार साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। तब से उसकी पत्नी मोमिना मेहनत मजदूरी करके दो बच्चों का पालन पोषण कर रही है। मंगलवार को दोपहर बारिश के दौरान कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबे में दबने से मोमिना घायल हुई। निजी डॉक्टर से उपचार कराया। मंगलवार को रात मकान की दीवार भी गिर गई। ऐसे में विधवा मोमिना के सामने बच्चों के साथ रहने के लिए जगह का संकट खड़ा हो गया। पड़ोसी राकेश सैनी ने मोमिना को अपने घर में शरण दी। बताते चलें कि मोमिना का प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम है और आवास स्वीकृत हो चुका है।

आरोप है कि आवास की किस्त के लिए पैसे की मांग की जा रही है। मोमिना ने अधिकारियों से आवास की किस्त जारी कराने की मांग उठाई है।

# गांवों में न हो जलभराव, सफाई व्यवस्था रहे दुरुस्त:बीडीओ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बरसात के मौसम में गांवों में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए विकास विभाग के अधिकारी चौकन्ने हो गए हैं। बीडीओ संभल ने बैठक करके ग्राम पंचायत सचिवों को जलभराव न होने देने के निर्देश दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई पर ध्यान देने के लिए कहा।

बुधवार को संभल ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में बीडीओ प्रेमपाल सिंह ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो गया है। इसलिए ग्राम पंचायत सचिव यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गांव में जलभराव न होने पाए। अगर कहीं जल निकासी नहीं हो रही है तो वहां समस्या को दूर कराया जाए। इसमें लापरवाही कतई सहन नहीं की जाएगी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। गांवों में साफ सफाई दुरुस्त रहनी चाहिए।

बैठक में एडीओ पंचायत अनिल चौहान, एडीओ आईएसबी अमित यादव, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन पर गिरे पेड़, आपूर्ति बाधित

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर बारिश के साथ आई तेज हवा में पेड़ उखड़कर हाईटेंशन लाइन पर गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं सिंह पुरसानी व सलखना बिजलीघर जा रही 33 केवी लाइन के तीन पोल ऊखड़कर गिरने से दर्जनों गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। जेई योगेश कुमार ने बताया कि करीब 12 घंटे से आपूर्ति बाधित है। जल्द ही काम पूरा कर आपूर्ति बहाल की जाएगी।

# बारिश से जलभराव की स्थिति और विकराल

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के थाना कुढ़फतेहगढ़ के बिचैटा चौराहे पर सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण न होने से चौराहे पर जलभराव रहता है। बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति और भी विकराल हो गई है। जलभराव से सड़क कट गई है और गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिससे हादसा होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने नाली निर्माण करा कर सड़क दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

चन्दौसी से 12 किलोमीटर दूर कुढ़ क्षेत्र का बिचैटा चौराहा सबसे ज्यादा व्यस्त रहता है। रामपुर, बदायूं, बिलारी, चन्दौसी जाने आने के लिए लोग इसी चौराहे से होकर गुजरते हैं। बिचैटा चौराहा चन्दौसी-रीठ गुरसरी मार्ग पर है। वर्ष 2022 में इस सड़क का निर्माण कराया गया था। बिचैटा चौराहे पर सड़क के दोनों ओर नाली नहीं बनाई गईं। जिससे यहां चौराहे पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। जलभराव के कारण आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं और छोटे चार पहिया वाहन गड्ढे में फंस जाते हैं। 22 जुलाई से सावन मास शुरू हो रहा है। बेरनी शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए इसी चौराहे से हजारों की तादात में कांवड़िए गुजरते हैं। पूरे एक माह तक कांवड़ यात्रा गुजरेगी। जिसके कारण कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



कुढ़ क्षेत्र के बिचैटा चौराहा पर गड्ढे में भरा बारिश व नाले का पानी। ● अमृत विचार

- **जलभराव से सड़क में गहरे गड्ढे हुए, हादसे का खतरा बढ़ा**

### बरसात में गर्मी से राहत लेकिन दिक्कतें बढ़ी

**संभल, अमृत विचार :** संभल जिले में लगातार दूसरे दिन भी घंटों तक बारिश हुई। हालांकि बारिश से लोगों को राहत मिली लेकिन जलभराव होने पर दिक्कतों से जूझे। सुबह से दोपहर बाद तक बाजारों में सन्नाटे जैसा माहौल रहा। मंगलवार देर रात बारिश शुरू हो गई। बुधवार को सुबह जब लोग उठे तो बारिश हो रही थी। लोगों ने बारिश के दौरान ही कामकाज वाले स्थानों का रुख किया। बारिश तेज हुई तो जलभराव के नजारे भी सामने आए। हयातनगर में उम्मेदराय इंटर कॉलेज के पीछे सड़क पर जलभराव हो गया। शाहजीपुरा मार्ग जलमग्न नजर आया। संभल शहर में जिला अस्पताल परिसर, रोडवेज बस अड्डा परिसर में पानी भर गया। दूसरे क्षेत्रों में भी जलभराव हुआ। दोपहर के वक्त रिमझिम बारिश होने पर लोगों ने खरीदारी का मन भी नहीं बनाया। बाजारों में व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करते रहे।

## सार-संक्षेप



डीएम के सामने अपनी समस्याएं उठाते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निराकरण

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला सैनिक कल्याण बन्धुओं की बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना। पूर्व सैनिकों ने अग्निवीर व विद्युत से संबंधित संबंधित समस्याएं रखीं। वहीं शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण एनओसी जैसे मुद्दे उठाए। डीएम ने प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया के समक्ष जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विजय मोहन शर्मा द्वारा पूर्व सैनिकों द्वारा अग्नि वीर योजना को लेकर मुद्दा उठाया। तो वहीं विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की समस्याओं को भी जोर-जोर से उठाया। पूर्व सैनिकों ने भूमि से संबंधित समस्या, शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण एवं उनकी एनओसी जिले में लाने, पूर्व सैनिकों के लिए सीड्स कैंटीन तथा पूर्व सैनिकों की मृत्यु पर गॉड ऑफ ऑनर से सम्मानित जैसे मुद्दे डीएम के सामने रखे। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इनका निस्तारण किया जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, डीआईओ बृजेश कुमार, कर्नल नवरत्न सिंह, फौजी हर प्रसाद, फौजी एमएल यादव, वीरनारी भुवनेश्वरी देवी, रेशमा देवी, सत्यवीर, राजकुमार शर्मा, अजय यादव आदि मौजूद रहे।

### स्कूली वाहनों की फिटनेस कराएं वरना पंजीयन निलंबित

**संभल, अमृत विचार :** स्कूलों का संचालन शुरू होने पर परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर गंभीरता दिखाई है। स्कूल संचालकों को वाहनों की जल्द ही फिटनेस कराने को कहा है। जिसके बाद बिना फिटनेस वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। वाहन का पंजीयन भी निलंबित होगा। एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज ने बताया कि स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों को नोटिस भेजकर वाहनों को मानक के अनुसार एक सप्ताह में दुरुस्त कर कार्यालय में प्रस्तुत करते हुए फिटनेस कराने के लिए कहा है। फिर भी कई स्कूलों के वाहनों की फिटनेस नहीं कराई गई है। ऐसे वाहनों की जल्द ही फिटनेस करा ली जाए। यदि वाहन संचालन योग्य नहीं है या मॉडल कंडीशन में आया गया है नियमानुसार पंजीयन निरस्त की कार्रवाई कराई जाए। बिना फिटनेस के वाहन संचालित पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। नोटिस का समय अंतर्गत अनुपालन नहीं होने पर संबंधित वाहन का पंजीयन भी निलंबित कर दिया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन से अभिभावकों से भी अपील की है कि वह बच्चों को ऐसे स्कूली वाहनों में स्कूल न भेजें जिनकी फिटनेस नहीं है।

# मंदिर के निकट जलभराव से भड़के लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शहर से सटे कबीर की सराय में माता के थान मंदिर के आसपास बरसात का पानी भर जाने से श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। मंदिर के पुजारी के साथ लोगों ने एसडीएम कार्यालय पर समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीएम को शिकायत सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई।

बुधवार को सुबह कबीर की सराय गौरा माता के थान मंदिर के पुजारी महंत मनोज कुमार के साथ तमाम श्रद्धालु एसडीएम कार्यालय पहुंचे और जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। पुजारी महंत मनोज कुमार का कहना रहा कि आषाढ़ महीने में प्रतिदिन मंदिर पर भंडारे का आयोजन होता है। इस बार भंडारा हो रहा है जिसमें दिल्ली, मेरठ, हरियाणा, राजस्थान से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं तो जलभराव के कारण समस्या हो रही है। जलभराव होने की वजह से रोजाना भंडारे का प्रसाद बच रहा है। मंगलवार को भी भोग लगाने के बाद 151 कुंतल आटे का प्रसाद ब्रजघाट ले जाकर बंटवाया गया क्योंकि जब श्रद्धालु ही नहीं पहुंच पा रहे तो किसे प्रसाद दिया जाए। कहा कि जनवरी महीने से जलभराव की समस्या दूर कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन कुछ नहीं हो सका।

इस मामले में एसडीएम विनय कुमार मिश्र को भी महंत ने समस्या की जानकारी देते हुए शिकायती पत्र सौंपा। मंदिर के आसपास जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान रईस, विनोद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



संभल में माता के थान पर जलभराव के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

- **श्रद्धालुओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपी शिकायत**
- **जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की उठाई मांग**

## दीवार में करंट आने से युवक की जान गई

**असमोली/मनोटा, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में मजदूरी कर रहे परिजनों को खाना पहुंचाने खेत पर गया युवक की नलकूप की कोठरी की दीवार में लोहे की कीलों पर लगे नंगे तार के करंट की चपेट में मौत हो गई।

असमोली गांव निवासी जगदीश बुधवार की सुबह गांव राया बुजुर्ग में धान पौध की रोपाई करने गए थे। दोपहर दो बजे जगदीश का बेटा दीपक 18 वर्ष परिजनों को खाना पहुंचाने खेत पर गया था। खाना परिजनों को देकर दीपक किसी काम से नलकूप की कोठरी के अंदर गया था। कोठरी के अंदर दीवार में लगी लोहे की कीलों पर नंगे तार लिपटकर नलकूप में जा रहे थे। जिससे बारिश से गीली हुई कोठरी की दीवार पर करंट उतर आया था। दीवार पर हाथ लगाते ही दीपक करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रुप से झुलसकर गिर गया। परिजन उसे लेकर डॉक्टर के पास पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# डीआरएम के निरीक्षण में मिली गंदगी व छत टपकने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **राजघाट रेलवे स्टेशन तक किया विंडो निरीक्षण**
- **सीनियर डीसीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे**

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन का डीआरएम व सीनियर डीसीएम ने निरीक्षण किया। जिसमें कुछ स्थानों पर गंदगी व बरसात में छत (लिंटर) टपकने की शिकायतें सामने आईं। जिसे शीघ्र दुरुस्त करने की हिदायत दी। इसके अलावा डीआरएम ने राजघाट रेलवे स्टेशन तक विंडो निरीक्षण किया।

बुधवार की दोपहर एक बजे डीआरएम राजकुमार व सीनियर डीसीएम रिचा शर्मा अधिकारियों के साथ विशेष ट्रेन से रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मगर यहां रेलवे स्टेशन पर केवल सीनियर डीसीएम उतरीं, जबकि डीआरएम अन्य रेल अधिकारियों के साथ राजघाट रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गए। क्योंकि उन्हें राजघाट तक विंडो निरीक्षण करना था। जिसमें रेलवे पटरी के आसपास पेड़ तो नहीं टकरा रहे आदि बिंदू शामिल थे। उनके जाने के बाद सीनियर डीसीएम ने रेलवे स्टेशन परिसर, बुकिंग विंडो, प्रतीक्षालय, एसएनटी विभाग, रेलवे पर बने टी-स्टाल का निरीक्षण किया। जिसमें कुछ स्थानों पर गंदगी मिली तथा कुछ स्थानों पर बरसात में छत टपकने की शिकायत सामने आई। इसके बाद शाम चार बजे डीआरएम राजघाट से पुनः रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और निरीक्षण किया। बताया कि फिलहाल रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे कुछ गंदगी हो सकती है। रही बात छत टपकने की, उसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

### ग्रामीण को गंडासे से घायल किया, एक गिरफ्तार

**ऐचोड़ा कंबोह /मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव गोंजनी मिलक तिराहे से घर में घुसकर ग्रामीण को गंडासे हमलाकर घायल करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गंड़ासे सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव गोजनी मिलक निवासी कुलवंत ने एक सप्ताह पहले उधार 200 रुपये नहीं देने पर गांव के ही चंद्रपाल को गंडासे से हमला कर घायल कर दिया था। चंद्रपाल को बचाने उसका भतीजा राजीव पहुंचा तो कुलवंत धमकी देते हुए भाग गया था। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कुलवंत की तलाश कर रही थी। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने कुलवंत को मय गंडासे के थाना क्षेत्र के गांव गोजनी मिलक तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

### एंबुलेंस और बाइक की टक्कर, एक घायल

**बबराला, अमृत विचार :** आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर एंबुलेंस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। धनारी थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी राहुल (28 वर्ष) पुत्र दयाराम बाइक से जमालपुर जा रहा था। बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे नेशनल हाईवे पर नूरपुर तिराहे पर अलीगढ़ की ओर से आ रही एंबुलेंस से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कुत्तों के झुंड ने बालक पर किया हमला, जख्मी

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मालिनी निवासी अनीस का दस वर्षीय बेटा मोहम्मद रिहान बुधवार की सुबह दस बजे खेत पर जा रहा था। कुत्तों के झुंड ने घेरकर मोहम्मद रिहान पर हमलाकर दिया और रास्ते में गिराकर दांतों से नोंचने लगे। चीखने चिल्लाने की आवाज को सुनकर खेत पर धान पौध की रोपाई कर रहे मजदूरों व परिजनों ने मौके पर पहुंचकर मोहम्मद रिहान को कुत्तों के झुंड से छुड़ाया। जिसके बाद परिजन आनन फानन जख्मी मोहम्मद रिहान को लेकर जिला अस्पताल आ गए और डॉक्टर से मोहम्मद रिहान का उपचार कराया।

## पोल टूटने से दो दर्जन गांव की बिजली आपूर्ति ठप

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर अनियंत्रित हुई कार की टक्कर से खिरनी बिजलीघर जा रही हाईटेंशन लाइन का पोल टूट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। पोल टूटने से दो दर्जन गांव की आपूर्ति ठप हो गई।

संभल के मुहल्ला रायसत्ती निवासी चालक मुजम्मिल मंगलवार की रात एक बजे कार में सवार होकर नोएडा से अपने घर आ रहा था। मुजम्मिल कार लेकर जैसे ही कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गंवा मार्ग पर गांव चाचू नागल के पास पहुंचा तो अनियंत्रित होकर कार खिरनी बिजली घर के 33 केवी की हाईटेंशन लाइन के पोल से टकरा गई। कार की टक्कर से पोल टूटा तो हाईटेंशन लाइन के तारों में फाल्ट होकर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पुलिस ने मुजम्मिल को हिरासत में ले लिया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने संभल की हाईटेंशन लाइन से बिजलीघर को जोड़कर आपूर्ति को बहाल किया।

# मोहर्रम को लेकर डीएम व एसपी ने ताजिया मार्ग पर किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। बुधवार को देर शाम डीएम और एसपी ने अधिकारियों एवं भारी पुलिस बल के साथ ताजिया मार्ग पर पैदल मार्च किया। आला अधिकारी कर्बला तक गए और जानकारी लेते हुए अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए।

डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत बुधवार को देर शाम शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे। यहां से आला अधिकारियों ने अधीनस्थों एवं भारी पुलिस बल के साथ मोहर्रम को लेकर ताजिया मार्ग पर पैदल मार्च शुरू किया। अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा, आर्य समाज रोड, खग्गू सराय तिराहा, नखासा चौराहा, बुध बाजार से कर्बला तक पैदल मार्च हुआ। डीएम ने अधिकारियों से ताजियों के बारे में जानकारी लेते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए। इस बीच हौज भदेसराय में तालाब पर अवैध कब्जे के बारे में भी जानकारी हासिल की। इस दौरान एएसपी श्रीश चंद्र, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार आदि रहे।



डीएम राजेंद्र पेंसिया को जानकारी देते एसडीएम विनय मिश्रा। साथ में मौजूद एसपी कुलदीप गुनावत व अन्य। ● अमृत विचार

- **संभल में मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सतर्क**

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने हाथरस के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथरस में भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में चौधरी सराय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सत्संग की भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं के परिवार वालों को दुख की घड़ी में सहनशीलता की कामना की गई। इस दौरान शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, आरिफ खान तनवीर, अकील अहमद, डॉक्टर सलाहुद्दीन, मुअजजम हुसैन, वारीद वारसी, उरवा तुर्की, मो. रिजवान, आदि रहे।

### मामूली बात पर मारपीट व मोबाइल छीनने का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भैयापुर निवासी रामगोपाल की पत्नी लज्जावती ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मंगलवार की शाम पुत्र अजय धनारी बस स्टैंड के पास स्थित अपने चाचा की दुकान से घर आ रहा था। अजय को गांव के ही सगे भाइयों सहित तीन युवकों ने रास्ते में रोक लिया और बेवजह की बातें करने लगे। आरोप है कि सगे भाई अपने साथी के साथ पीछे पीछे अजय के घर आ गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो युवकों ने अजय व लज्जावती के साथ मारपीट की और अजय का मोबाइल छीनकर और धमकी देते हुए भाग गए।

### आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार मेला कल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन शुक्रवार को बदायूं रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 10 .30 बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर ने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड पंजाब के अलावा अन्य कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। जो भी अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करना चाहता है, वह सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना सुनिश्चित करे। इसके बाद ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए।

# सत्संग में भगदड़ से दो महिलाओं की गई जान

## घटना की सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पहुंचे, बुधवार सुबह पहुंचा शव, परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- जान गंवाने वाली महिलाएं बनियाठेर थाना व बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की निवासी

**अमृत विचार:** भोले बाबा के सत्संग में मंगलवार को भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। मरने वालों में दो महिलाएं यहां की भी शामिल हैं। जिसमें पहली महिला बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर डरौली निवासी कमला देवी 60 वर्ष पत्नी राम भरोसे शामिल है। वह अपनी अविवाहित पुत्री रेखा व अन्य ग्रामीणों के साथ भोले बाबा के सत्संग में शामिल होने हाथरस गईं थीं। घटना के समय महिला अपनी पुत्री व ग्रामीणों से बिछड़ गई। खोजबीन के बाद उसका शव मिला। घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की सुबह दस बजे शव घर पहुंचा।


कमला देवी का फाइल फोटो।

वहीं हादसे का शिकार हुई दूसरी महिला शहर से सटे गांव औरछी थाना फैजगंज बेहटा, जनपद बदायूं की कमला 48 वर्ष पत्नी सुखदेव शामिल है। वह मंगलवार की सुबह गांव की चार महिलाओं के साथ थाना बिल्सी जनपद बदायूं गई थी। यहां बस से हाथरस जाकर सत्संग में शामिल हुई थी। भगदड़ में महिला की मौत हो गई। महिला का शव अलीगढ़ के सरकारी अस्पताल में मिला है। कमला गांव में समूह चलाती थीं। वह भी सत्संग सुनने के लिए 500 रुपये किराया देकर गई थीं लेकिन वापस उनका शव गांव आया। बदायूं से सत्संग सुनने गईं सात महिलाओं और एक युवती की मौत हो गई है।

## अचानक मची भगदड़, फिर गूंज उठीं चीख पुकार की आवाजें

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**हाथरस सत्संग हादसा आंखों देखी**

- हादसे की चश्मदीद सरोज बोली, कीचड़ में गिरे तमाम महिलाएं और बच्चे
- गिरे लोगों को कुचलकर भागती रही भीड़

**अमृत विचार :** हाथरस जनपद के सिकंदराराऊ तहसील अंतर्गत रतिभानपुर ग्राम पंचायत के मजरा फुलरई में सत्संग के बाद हादसे की गवाह संभल जनपद के गुन्नौर तहसील अंतर्गत गांव उदयभानपुर निवासी सरोज हादसे का मंजर बताते हुए बदहवास होने लगती है।

सरोज बताती है कि बाबा का सत्संग समाप्त होने के बाद श्रद्धालु वापस जाने के लिए अपनी बसों की तरफ जा रहे थे तभी अचानक भगदड़ मची तो महिलाएं व बच्चे कच्ची जमीन पर बरसात से बनी कीचड़ में फिसलकर गिरने लगे। भगदड़ में तमाम लोग उन गिरे महिला बच्चों को कुचलते हुए भागते दिखे। कुछ देर बाद भगदड़ थमी तो चारों तरफ से चीख पुकार की आवाजें आ रही थीं। दूर तक लाशें बिखरी पड़ी थीं। सरोज का कहना है कि जब भगदड़ मची तब वह भीड़ से कुछ पीछे थी।


गुन्नौर में हादसे के बारे में बताती सरोज।

भगदड़ मची तो वह जहां थी वहीं रूक गई इसलिए उसकी जान बच गई। वहां का दृश्य देखकर डर लग रहा था। काफी महिलाएं और बच्चे कीचड़ में फंस कर गिर पड़े थे और भगदड़ में दब गए थे। कुछ देर पहले जहां बाबा का सत्संग चल रहा था, वहां चीख पुकार मच गई थी। कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या हुआ है।

सरोज ने बताया कि इसी भगदड़ में उनके साथ सत्संग में गई गांव की प्रीति की भी मौत हो गई। सरोज ने बताया कि गांव से बस द्वारा नदरोली, रिबाड़ा, झुकैरा नगला डुमाइल आदि गांवों के करीब 70 लोग हाथरस के सत्संग में गए थे। प्रीति के अलावा बाकी सभी सुरक्षित लौट आए हैं।

## सार-संक्षेप

### कैंसर के मरीज को किया रक्तदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन शिखर की नगराध्यक्ष शालिनी शर्मा ने आजाद रोड स्थित बीएस हॉस्पिटल में कैंसर के मरीज जिसको रक्त की आवश्यकता थी। उसे रक्त देकर मानवता की मिसाल पेश की है। इस दौरान नगराध्यक्ष ने कहा कि यदि हम किसी की जान बचा सकते हैं तो हमें अवश्य ही यह महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए। जायंट्स का सबसे पहला कर्तव्य ही जरूरमंद की सेवा करना है।


कैंसर के मरीज को रक्तदान करतीं वूमेन शिखर की अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से रामबाग धाम स्थित बारहसैनी सेवा सदन परिसर में बुधवार शाम संगीत मय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीन दयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, रमेश ग्रेवाल, अनीता शर्मा, विकास शर्मा, प्रेम शर्मा, रवि शंकर शर्मा, जेएन मिश्रा, राजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार, बृजेंद्र शर्मा ने श्रीराम जानकी बैठे हैं, मेरे सीने में आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, राकेश चौबे, संजीव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, टीसी शर्मा, कपिल शर्मा, पीएन शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, गोविंद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### पांच घंटे गुल रही मौलागढ़ फीडर की बिजली आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तीन दिन से बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते बुधवार की सुबह मौलागढ़ फीडर की बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे सुबह का वक्त होने पर पेयजल संकट गहराने के साथ ही उपभोक्ताओं के घर के जरुरी कामकाज पर ब्रेक लग गया। बिजली आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। बुधवार सुबह बारिश के जिसके चलते पुरा बिजली घर में फाल्ट हो गया। जिससे मौलागढ़ फीडर के गांव मौलागढ़, विकास नगर, पंचशील कालोनी, आवास विकास आंशिक आदि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह के समय बिजली गुल होने से पेयजल संकट गहरा गया। लोगों को पास पड़ोस के घरों के नल व मोहल्ले में लगे सरकारी हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। पांच घंटे बाद सुबह 10 बजे बिजली आपूर्ति सुचारु हो सकी। तब कहीं लोगों ने राहत की सांस ली।



तहसील परिसर में पौधरोपण करतीं एसडीएम नीतू रानी व अन्य। ● अमृत विचार

### तहसील परिसर में पौधरोपण कर मनाया वन महोत्सव

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** बुधवार को वन विभाग चन्दौसी रेंज के अंतर्गत तहसील परिसर में वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी नीतू रानी व तहसीलदार धीरेंद्र कुमार ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में पौधारोपण के दौरान वन विभाग से प्रभात कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी, फारूक अहमद उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, विकास नेगी वन दरोगा व विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## चोरी के दो दोषियों को एक वर्ष तीन माह की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** अदालत ने चोरी के दो दोषियों को एक वर्ष तीन माह के कठोर कारावास व 6-6 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। चोरी की घटना थाना संभल क्षेत्र में 2016 में हुई थी। इस मामले में थाना संभल पुलिस ने सुल्तान उर्फ मोटा पुत्र आबिद निवासी मोहल्ला चौधरी सराय थाना संभल व गुड्डू कबाड़ी पुत्र शाहिद हुसैन निवासी आदमपुर रोड थाना संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। साक्ष्यों को एकत्र कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। अभियोजन पक्ष से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने अदालत में दलीलें पेश कीं। बुधवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्याधीश न्यायाधीश ने सुल्तान उर्फ मोटा व गुड्डू कबाड़ी को दोषी करार देते हुए एक वर्ष तीन माह के कठोर कारावास व 6-6 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# सत्संग में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की।


हाथरस कांड में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि देते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने मोमबत्ती जला कर मृतकों की आत्मशांति के लिए की प्रार्थना

जनपद हाथरस के सिकंदराऊ के रातभानपुर गांव के फुलरई मुगलगाढी में आयोजित साकार विश्व हरि भोले बाबा के सत्संग में मंगलवार को हुई भगदड़ में 100 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि इतने बड़े आयोजन में सुरक्षा के नाम पर उचित व्यवस्था नहीं थी। व्यापार मंडल मांग करता है कि इस हादसे की उचित जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं के परिवार को 10 लाख की आर्थिक मदद की जाए और घायल श्रद्धालुओं को पांच लाख की आर्थिक मदद की जाए। प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी ने कहा कि देश व प्रदेश में धार्मिक आयोजन की पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्था पूर्ण की जाएं ताकि ऐसी घटना फिर न हो। सभासद अमन कोली ने कहा कि पूरे देश की संवेदना मृतकों के परिवार वालों के साथ है। श्रद्धांजलि देने में अन्ना खान, तुषार क्रिस्टल, सभासद लाला मौर्य, निशांत शर्मा, मुजीब, आकाश वार्ष्णेय, सचिन, वसीम अख्तर, जमशेद खान आदि मौजूद रहे।

## कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** विश्व हिंदू शक्ति भारत संगठन के कार्यकर्ताओं ने हाथरस में हादसे को लेकर कैंडल मार्च निकालकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि दी।

विश्व हिंदू शक्ति भारत संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। सूर्यकुंड तीर्थ से शंकर कॉलेज चौराहा पहुंचकर कैंडल मार्च समाप्त हुआ। कार्यकर्ताओं ने हाथरस हादसे में मृत लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रदेश सरकार और प्रशासन से घटना की निष्पक्षता से जांच कराने एवं दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो। इस दौरान संजीव दिवाकर, अक्षित अग्रवाल, विनोद सैनी, अमित सैनी, जयदेव पंडित, अभिनव पाल, कौशल सैनी, मोनू सरसौदे, विजय सैनी, शुभ श्रीमाली, रजनीश प्रजापति आदि रहे।

# बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** पंचायत सफाई कर्मचारियों ने ग्राम पंचायत में लगाई जा रही बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोध में डीपीआरओ कायार्लय पर प्रदर्शन किया। पंचायत में खराब पड़ी बायोमेट्रिक मशीनों के कारण उपस्थित दर्ज नहीं होने का आरोप लगाया।

विकासखंड रजपुरा के सफाई कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी कायार्लय पर बायोमेट्रिक उपस्थिति के विरोध में जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। सफाई कर्मियों का कहना था कि विकासखंड रजपुरा की ग्राम पंचायतों में बायोमेट्रिक मशीन ठप पड़ी है। जिस कारण सफाई कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं लग पा रही है। वह इसको लेकर कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। रजपुरा के सहायक विकास अधिकारी को भी लिखित एवं मौखिक रूप में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। बायोमेट्रिक मशीन खराब होने से बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं लग रही है। जिसका खमियाजा सफाई कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। उनका वेतन रोका जा रहा है। सफाई कर्मियों ने डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे को ज्ञापन देकर बायोमेट्रिक उपस्थिति का विरोध किया।


डीपीआरओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

- सफाई कर्मचारियों ने कहा मशीन खराब होने से बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं लग रही है

इस दौरान हरिओम कश्यप, विनय कुमार, अमरपाल, अशोक कुमार, माया, कांता देवी, वीरपाल, धर्मपाल सिंह, राजकुमार, राजीव कुमार, अजय कुमार, मुकेश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई।

कस्बा जुनावई निवासी सतीश (25 वर्ष) पुत्र पप्पू की मंगलवार को देर शाम घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।

बुधवार को सुबह से ही ससुराल पक्ष के लोग और रिश्तेदार भी घर पर पहुंचने लगे। थाना क्षेत्र के गांव भौना नगला निवासी ससुर नौबत सिंह ने पुलिस से सतीश के शव का पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाई। जिसके बाद बुधवार को शाम पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवक की मौत बीमारी के चलते हुई है लेकिन मृतक के ससुर नौबत सिंह ने पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिसके आधार पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एयरफोर्स में नौकरी के नाम पर ठगी में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार**
**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक की एयरफोर्स में नौकरी लगवाने के नाम पर 31.49 लाख रुपये की ठगी के मामले में अमृत विचार के खुलासे के बाद पुलिस ने रिश्ते के दो भाइयों समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला चेत सिंह निवासी रामफल के बेटे विजय सिंह के साथ हुई ठगी के मामले को अमृत विचार ने 2 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद रामफल को टरका रही पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। रामफल का कहना ह कि मार्च 2022 में पड़ोसी गांव सिरसा निवासी प्रमोद कुमार ने उसके बेटे विजय सिंह की एयरफोर्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 31 लाख 49 हजार रुपये की ठगी की थी। उसने गवां में स्थित प्लॉट को बेचकर 20 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि प्रमोद कुमार ने विजय सिंह को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया था। रजपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि गांव सिरसा निवासी प्रमोद कुमार, हंसराज और प्रमोद कुमार के फुफेरे भाई विजय भारद्वाज निवासी नोएडा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


एयरफोर्स में नौकरी के नाम पर 31.49 लाख ठगे, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया
अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

- अमृत विचार ने प्रकाशित की थी ठगी के मामले की खबर

## अपर आयुक्त टीम के साथ जांच को पहुंचे

**चन्दौसी, अमृत विचार:** जलनिगम की शिकायत करने पर बुधवार को मुरादाबाद से अपर आयुक्त द्वितीय अपनी टीम के साथ तहसील स्थित जलनिगम कार्यालय पहुंचे। जहां शिकायतकर्ताओं व संबंधित विभाग के जेई के बयान दर्ज किए गए। साथ ही जलनिगम द्वारा डाली गई पाइपलाइन के अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। इसके बाद टीम वापस चली गई।

सभासद अनुराग अग्रवाल व तरुण कुमार नीरज तथा आम लोगों ने जलनिगम की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। जिसकी जांच के लिए मुरादाबाद के अपर आयुक्त द्वितीय बीएन यादव, पीडब्लूडी के एक्सईएन एमपी सिंह व मुरादाबाद नगर निगम के अधिकारी बुधवार की दोपहर दो बजे तहसील स्थित जलनिगम के कार्यालय पहुंचे। यहां सभासद अनुराग अग्रवाल व तरुण नीरज सहित अन्य शिकायतकर्ताओं को बुलाया गया। टीम ने उनके बयान दर्ज किए।

**नाम संशोधन**

मेरे नाम की स्पेलिंग TAHIRA KOSAR से बदलकर TAHIRA KAUSAR D/o BHAUDDIN R/o QAIT WALI MASJID, MAQBARA SECOND, MORADABAD भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**खोया-पाया**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0630136 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। गुलशन सैनी पुत्र रामप्रसाद सैनी निवासी 98/B, गायत्री नगर, लाइनपार, मुरादाबाद (उ०प्र०)

**NAME CORRECTION**

My name in high school marksheet and certificate is kokab and my father name is Raees Ahmad In real my name in document is kokab Raees and my father name is Raees Ahmad.

### कॉलेज प्रबंध समिति के चुनाव सात जुलाई को

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित नानक चंद आदर्श इंटर कालेज में प्रबंध समिति का चुनाव सात जुलाई को होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य सीपी सिंह, पीठासीन अधिकारी जेएन मिश्रा एडवोकेट एवं सहायक पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार तुरैहा एडवोकेट के निर्देशन में चुनाव होगा। ये जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक अरुण शर्मा ने बताया कि सात जुलाई को चुनाव प्रक्रिया सुबह नौ बजे प्रारंभ होकर दोपहर एक बजे तक होगी। शाम पांच बजे परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### अलग-अलग मामलों में तीन वारंटी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी व हयातनगर थाना पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर अलग अलग मामलों में तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला गिन्नौरी निवासी रफीक व मुहल्ला सादक सराय निवासी मोहम्मद फारुख और हयातनगर में आला हजरत मस्जिद के पास निवासी शुऐब अलग अलग मामलों में न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर पैरवी कर नहीं रहे थे। सूचना मिलने पर रफीक, मोहम्मद फारुख व शुऐब को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया।

### स्वीमिंग पूल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां में स्थित स्वीमिंग पूल में युवक का शव उतराता मिलने के मामले में पुलिस ने स्वीमिंग पूल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी हरपाल (35 वर्ष) पुत्र थान सिंह का शव शनिवार को गवां में स्थित स्वीमिंग पूल में उतराता हुआ मिला था। हरपाल के छोटे भाई ब्रह्मदेव ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर स्वीमिंग पूल संचालक लल्ला खां सलमानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**अनदेखी** | 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह में शिव भक्त करेंगे जलाभिषेक

# मंदिर का संपर्क मार्ग जर्जर, कावंड़ियों को होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचार:** देवो के देव महादेव की भक्ति का माह श्रावण मास का 22 जुलाई से आगाज हो रहा है। 02 अगस्त को श्रावण मास की शिवरात्रि है। तहसील क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों समेत गली मोहल्लों के शिव मंदिरों में प्रत्येक सोमवार को महादेव का जलाभिषेक होगा। वहीं प्रमुख शिव मंदिरों में श्रावण मास की शिवरात्रि पर मेला भी लगेगा। नगर से 12 किलोमीटर दूर थाना कुढ़फतेहगढ़ के प्राचीन शिव मंदिर में आसपास जनपदों से हजारों की तादात में कांवड़िए और शिव भक्त महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं प्राचीन शिव मंदिर के संपर्क मार्ग जर्जर हालत में हैं। ऐसे में कांवड़ियों को परेशानी होगी। शिव भक्तों ने संपर्क मार्ग को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।


चन्दौसी के कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र का जर्जर बेरनी मार्ग। ● अमृत विचार

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में स्योंडारा रोड से फिरोजपुर बोंडा-बेरनी कब्रिस्तान होकर चन्दौसी रोड तक 3.74 किमी मार्ग जर्जर हालत में है। यहां सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। इतना ही नहीं बजरी उखड़ कर सड़क पर फैल गई है। वर्ष 2014 में इस मार्ग का निर्माण 158.22 लाख रुपये की लागत से हुआ था। कई वर्षों से सड़क की बजरी उखड़ी है। पूरी सड़क टूटी हुई अवस्था में है। राहगीरों को मार्ग से गुजरते समय बहुत असुविधा होती है। बेरनी निवासी किसान नेता रामवीर सिंह जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सड़क दुरुस्त कराने की मांग भी कर चुके हैं।

### श्रावण मास में इसी मार्ग से हजारों की संख्या में बेरनी शिव मंदिर पहुंचेंगे कावंड़िए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पांचवीं सदी का मंदिर माना जाता है। क्योंकि यहां स्थित टीलों की खुदाई में पांचवी सदी के राजा सुरथ के काल की मूर्तियां निकली हैं। जलाभिषेक के लिए भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से पहुंचते है। शिव भक्त राजघाट, बृजघाट, गढ़मुक्तेश्वर, हरिद्वार आदि तीर्थ स्थलों से कावंड़ में गंगाजल लाकर क्षेत्रीय शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। सावन मास में नंगे पैरों चलकर कांवड़ लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं को बहुत तकलीफ होगी। बिलारी की ओर से आने वाले श्रद्धालु इसी मार्ग से बोंडा फिरोजपुर होकर आते हैं। रीठ गुरसरी एवं आसफपुर की ओर से आने वाले श्रद्धालु बिचैटा चौराहे पर होकर इसी मार्ग से बेरनी मंदिर पहुंचते हैं।


"पिछले वर्ष मैंने इस मार्ग के संबंध में जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर मार्ग खराब होने के बारे में अवगत कराया था। अभी तक मार्ग सही नहीं हुआ है।"
–**रामवीर सिंह**, किसान नेता, बेरनी


"स्योंडारा रोड से बोंडा फिरोजपुर होकर बेरनी को जाने वाला मार्ग बहुत जर्जर है। मार्ग को सही कराया जाए ताकि राहगीरों को आने-जाने में सहूलियत हो। श्रावण मास भी आरंभ होने वाला है।"
–**सुरेश यादव**, ग्रामीण, बोंडा फिरोजपुर

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## एक नजर

### डूंगरपुर प्रकरण में आज होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बुधवार को कोर्ट में बहस नहीं हो सकी। अब गुरुवार को इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से बहस होगी। गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगे थे। आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो चुकी है।

### नाले में उतराता मिला नवजात का शव

**सैफनी (रामपुर), अमृत विचार:** बुधवार दोपहर नगर के शाहबाद-बिलारी मार्ग पर गैस एजेंसी के सामने नाले में बारिश का पानी भर गया था। नाला चोक होने पर मोहल्ले की ही महिला उसे साफ करने के लिए पहुंची। इस दौरान महिला को नाले में नवजात का शव उतराता दिखाई दिया। इसे देकर महिला घबरा गई। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी तो मौके पर भीड़ जुट गई। इस बीच लोगों ने शव बाहर निकाला। सूचना के बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।

### शादी में गया परिवार, घर में लगी आग

**काशीपुर, अमृत विचार :** मंगलवार देर रात आईटीआई क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुर में नरेश पाल के मकान में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। नरेश और उसका परिवार तीन दिन पहले यूपी के शाहजहांपुर के पास एक विवाह समारोह में शिरकत करने गया था। देर रात लगभग दो बजे आस पड़ोस के लोगों ने जब मकान से आग की लपटें निकलती देखीं तो उन्होंने अग्निशमन अधिकारियों को सूचना दी। फायर यूनिट की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग को बुझाया जा सका तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। सूचना मिलते ही नरेश पाल भी घर लौटे। उन्होंने बताया कि लगभग दो लाख का नुकसान हो गया है। उनके घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है।

# चलती ट्रेन से कूदे कई यात्री फिसले

## अवध असम एक्सप्रेस में अधिक भीड़ के कारण हंगामा, आरपीएफ ने हालात संभाले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ब्लॉक की वजह से बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित है। ऐसे में दूसरी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। बुधवार को अवध असम एक्सप्रेस में भीड़ के कारण हंगामा हुआ। दरअसल, जो यात्री प्लेटफार्म पर थे, वे चढ़ नहीं पा रहे थे, जो ट्रेन के अंदर थे, वे उतर नहीं पा रहे थे। इस बीच ट्रेन चल दी। कई यात्री चलती ट्रेन से कूद पड़े और गीले प्लेटफार्म पर फिसल कर गिर गए। दो बार ट्रेन को रोका गया। जो लोग उतरने से रह गए थे, आरपीएफ के स्टाफ ने उनका ट्रेन से उतारा। तब जाकर अवध असम एक्सप्रेस प्लेटफार्म से रवाना हो सकी।

15910 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटा से ज्यादा की देरी से बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर दोपहर 13 बजकर 24 मिनट पर पहुंची। पहले से मौजूद यात्रियों ने सवार होना शुरू कर दिया। जनरल कोच मुरादाबाद छोर की तरफ लगते हैं और इस तरफ शेड नहीं होने के कारण बारिश में भीगते हुए यात्रियों को ट्रेन में सवार होने की जल्दबाजी थी। वहीं भीड़ के कारण गेट ब्लॉक होने से बड़ी तादाद में यात्री जिन्हें उतरना था वो उतर नहीं पाए। इस बीच सिग्नल भी हो गया और ट्रेन चलने लगी। तभी एक के बाद एक लोगों ने ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया और चीख पुकार मच गई। यह नजारा देख गार्ड ने ट्रेन रुकवाई और कुछ और लोग उतरे। ट्रेन चली तो फिर किसी ने चेन पुलिंग कर दी। जिसके बाद आरपीएफ ने मोर्चा संभाला और जो लोग रह गए थे उनको ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस चढ़ने और उतरने को लेकर यात्रियों में खूब बहस भी हुई।



ट्रेन की बोगी के गेट पर भीड़ को नियंत्रित करते आरपीएफ का जवान। ● अमृत विचार

### यह ट्रेनें रहीं निरस्त और लेट

बारिश और अलग-अलग सेक्शन में चल रहे ब्लॉक के कारण बुधवार को 15211 जननायक एक्सप्रेस, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस और 22199 सुशासन एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहा। वहीं 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 5 घंटा 27 मिनट, 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 5 घंटा 50 मिनट, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस 1 घंटा 8 मिनट, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी एक्सप्रेस दो घंटा, 13009 दून एक्सप्रेस तीन घंटा, 12232 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस एक घंटा, 15098 अमरनाथ एक्सप्रेस 1 घंटा 18 मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस 1 घंटा 36 मिनट की दूरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इस वजह से यात्रियों को परेशानी हुई।

## मायके नहीं जाने दिया तो महिला ने की आत्महत्या

**मिलक (रामपुर), अमृत विचार :** ज्योहरा गांव में पति ने मायके नहीं जाने दिया तो पत्नी ने घर में ही फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।



क्षेत्र के गांव ज्योहरा निवासी विक्रम सिंह का चार वर्ष पहले गांव निवासी शोभा (24) के साथ प्रेम विवाह हुआ था। इसके पश्चात दोनों के परिवारों में अनबन रहने लगी। मंगलवार दोपहर शोभा मायके जाने की जिद कर रही थी। इसको लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। दोपहर बाद विक्रम बाइक ठीक कराने चला गया। बाकी सदस्य घर के बाहर बैठे थे। घर में अकेली शोभा ने दोनों बच्चों को सुला दिया। वह कमरे में जाकर फंदे पर लटक गई। घर के लोग जब कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। उन्होंने शोभा को फंदे से नीचे उतारा, सांस चलती देख परिजन उसे मिलक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार देर रात उपचार के दौरान शोभा ने दम तोड़ दिया।

## सार संक्षेप

### तिगरी गंगा का 10 सेमी और बढ़ा जलस्तर

**गजरौला, अमृत विचार :** पहाड़ों व मैदानी क्षेत्र में हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण तिगरी में जलस्तर में 10 सेमी बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के दुकानदारों व पुरोहितों ने अपनी दुकानें और अपनी झोपड़ियां पीछे कर ली हैं। बता दें कि मंगलवार को गंगा का जलस्तर 198 .70 मीटर था, वहीं बुधवार को इसमें 10 सेमी की वृद्धि हुई। बुधवार को बिजनौर बैराज से लगभग 16 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हुआ है। गंगा में पानी बढ़ने से खादर क्षेत्र के गांव जैसे शीशोवाली, ओसीता जगदेवपुर, चकनवाला ऐतमाली, टीकोवाली, जाटोवाली आदि सहित धनौरा क्षेत्र व हसनपुर क्षेत्र के खादर गांवों के लोगों की परेशानी बढ़ जाती है, क्योंकि जलस्तर कई बार गांव के करीब, तो कई बार गांव के मुख्य मार्गों तक पहुंच जाता है। बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा गंगा के बढ़े जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। बाढ़ खंड विभाग के जेई ने बताया कि गंगा में जलस्तर में इजाफा हुआ है लेकिन खतरे जैसी स्थिति नहीं है। क्योंकि तिगरी में खतरे का निशान 202 मीटर से ऊपर है।

### किसान ने फंदे से लटककर दी जान

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव दमगड़ी निवासी विक्रम सिंह का शव बुधवार दोपहर खेत में पेड़ से लटका मिला। मृतक किसान के पुत्र सोनू ने बताया कि उसके पिता ने थाना रजबपुर क्षेत्र के व्यापारी को 300 क्रेट टमाटर की 320 रुपये प्रति क्रेट के रेट से पैसा नकद देने की बात तय की थी। सोनू ने बताया कि क्रेट गाड़ी में लोड करवाने के बाद उसके पिता को पैसा नहीं दिया था। उसके बाद व्यापारी ने थाने में एससी एक्ट की झूठी तहरीर दे दी थी। बीते दिन क्रेट लेने वाला व्यापारी उसके खेत पर आया तथा उसके पिता से कहा एससी एक्ट के मुकदमे से बचना चाहते हो तो पांच लाख रुपए मुझे दे दो। इसको लेकर हंगामा भी हुआ था। व्यापारी द्वारा दी गई धमकी से उसके पिता परेशान हो गये थे। जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या की है। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर परिजनों ने किया। थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

### कीटनाशक का सेवन कर दे दी जान

**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में युवक के पड़ोस में नामकरण संस्कार का कार्यक्रम था। युवक वहां डीजे पर रात 12 बजे तक डांस करता रहा। इसके बाद रात्रि के दो बजे उसने घर में रखा कीटनाशक पी लिया तथा परिजनों को बताया कि मैंने कीटनाशक पी लिया है। परिजन आननफानन में उसे आदमपुर के निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए ले गए। लेकिन हालत खराब होने पर चिकित्सक ने उसे सम्भल को रेफर कर दिया। लेकिन सम्भल ले जाते समय युवक की सांसें थम गईं। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**गजरौला, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के मुस्तकम गांव निवासी उपासना उर्फ रेनू की शादी सात मई 2023 को बुलंदशहर जनपद के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के ओलीना निवासी कपिल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया तथा 10 बीघा जमीन कपिल के नाम करवाने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट करके घर से निकाल दिया तो विवाहिता मायके आ गई थी। महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी ने बताया कि पति कपिल, ससुर मदनपाल सिंह, जेठ धर्मेंद्र व राहुल, ननद प्रीति व सास पर रिपोर्ट दर्ज की है।



मुरादाबाद में आयोजित इनरव्हील क्लब के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### विशाल प्रिया टंडन बनी इनर व्हील क्लब की जिला अध्यक्ष

**अमरोहा, अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब के अधिष्ठापन समारोह का आयोजन मुरादाबाद के होटल में किया गया। जिसमें विशाल प्रिया टंडन ने जिलाध्यक्ष पद के लिए शपथ लेकर पद ग्रहण किया। क्लब अध्यक्ष मंजू गोयल ने अध्यक्ष एवं राखी देवल ने सचिव पद की शपथ ली। इनके अलावा 60 क्लब के अध्यक्षों एवं सचिवों ने भी पद की शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में अमरोहा नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन उपस्थित रहीं। समारोह में नारी सशक्तिकरण को नृत्य व नाटिकाओं द्वारा दर्शाया गया। सर्वाइकल कैंसर पर भी टीएमयू के चिकित्सक द्वारा जानकारी दी गई। आईडब्लूसी अमरोहा द्वारा दो मेगा प्रोजेक्ट भी किए गए। जिसमें पहला हैप्पी स्कूल के तहत 101 स्कूल बैग्स स्कूल के विद्यार्थियों के लिए, दूसरा प्रोजेक्ट गो ग्रीन के तहत 200 पेड़ प्लांटर के साथ बांटे गए। इस मौके पर लता जैन, दीपाली जैन, शर्मिला गुप्ता, इंदु अग्रवाल, ममता गोयल, स्वाति सिंह, शेफाली शर्मा, रीना माथुर, सुप्रिया खुराना, सीमा जैन, बेला जैन, नीतू डाबर, निधि महेश्वरी तथा क्लब एडिटर अंजुला अग्रवाल मौजूद रहीं।

### बहुत कठिन है डगर पनघट की...

**सैदनगली/ उझारी, अमृत विचार :** नगर में 12 दिन से चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में भारी संख्या में जायरीन पहुंच रहे हैं। मंगलवार रात हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में देश के प्रसिद्ध कव्वाल गुलाम हबीब पेंटर ने प्रस्तुति दी। जिससे वहां मौजूद जायरीन झूमने पर मजबूर हो गए। श्रोताओं की फरमाइश पर गुलाम हबीब पेंटर ने प्रसिद्ध कलाम पेश करते हुए कहा- बहुत कठिन है डगर पनघट की, यह इश्क नहीं आसां बस इतना समझ लीजिए, इक आग का दरिया है और डूब के जाना है। बरसात के मौसम में भी दरगाह पर भारी संख्या में जायरीन पहुंच रहे हैं। चादर पोशी करके अपने मन की मुरादें मांग रहे हैं। उर्स में प्रमुख रूप से हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, फहीमउद्दीन महल, मास्टर असद, अदनान महल, हाजी बब्बन, रेहान, अलाउद्दीन सैफी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद आदिल, तबरेज आलम, जुनैद,वहाब अहमद, मिस्त्री भूरे आदि लोग मौजूद रहे।

### बारिश से कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित

**ढबारसी, अमृत विचार :** बुधवार तड़के से शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही। बारिश के चलते सैकड़ों गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप्प रही। ढबारसी, आदमपुर, गारवपुर, नगला खादर बिजलीघरों से जुड़े गांवों के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल सकी। आपूर्ति न मिलने से ग्रामीणों के मोबाइल की बैटरी डाउन हो गई तथा पानी के टैंक खाली होने से पानी की कमी रही।

# नैनीताल में भूस्खलन और मलबा आने से 14 सड़कें बंद

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

- बारिश से नैनी झील का जलस्तर ढाई फीट बढ़ा

**अमृत विचार :** बारिश के कारण भूस्खलन होने और मलबा आने से नैनीताल जिले में 14 सड़कें बंद हो गई हैं। इनमें एक राज्यमार्ग और 13 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। सभी बंद मार्गों से जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का कार्य चल रहा है।

आपदा प्रबंधन के अनुसार जिले में काठगोदाम-सिमलियाबैंड साननी राज्य मार्ग-103 बंद है। इसके अलावा अमृतपुर बानना-बबियाड, गांधीग्राम-पस्तौला, भुजियाघाट-सूर्यागांव, पंगोट-देचौरी, देवीपुरा-सौड, मटियाल-कनरखा, सिलियाकोट-अर्नपा, कोटाबाग-देवीपुरा, खनस्यू-रिखाकोट, ओखलकांडा-चकसाडोला, भंडारपानी-पाटकोट और मौरनौला-भंडारपानी मार्ग बंद हो गए हैं। इनमें पांच मार्ग प्रांतीय खंड नैनीताल, सात मार्ग पीएमजीएसवाई हल्द्वानी व दो मार्ग पीएमजीएसवाई काठगोदाम के अतंगर्त हैं। सभी मार्गों को जेसीबी की मदद से खुलवाने का कार्य चल रहा है। इधर, गौलापार में काठगोदाम रोड भी धंस गई। वहीं शेरनाला और सूर्यानाला के उफान पर आने से हल्द्वानी से चोरगलिया मार्ग पर यातायात बंद रहा। उधर, नैनीताल में 24 घंटे में 43 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। बारिश से सुबह के समय भवाली मार्ग में मलबा आ गया, जिस कारण काफी देर तक यातायात बाधित रहा। नगर का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश से नैनी झील के जलस्तर में ढाई फीट की बढ़ोतरी हुई है।

# चलते ट्रक में किशोरी से दुष्कर्म

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चंपावत जिले में नाबालिग के साथ ट्रक में सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जबकि तीसरा आरोपी फरार होने में सफल रहा। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है।

पीड़िता के भाई की ओर से इस मामले में चंपावत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वादी के अनुसार मंगलवार को संजय भट्ट पुत्र मनोहर दत्त भट्ट निवासी ग्राम अमोड़ी, रविन्द्र उर्फ रविश पुत्र शंकर दत्त भट्ट निवासी कोट अमोड़ी तथा योगेश थ्वाल पुत्र मोहन चन्द्र थ्वाल निवासी ग्राम कोट अमोड़ी उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन को घर से बुलाकर जबरन अपने ट्रक (कैंटर) (यूके 05 सीए 1541) में बैठा ले गए। घटना को देख अमोड़ी के ग्रामीण शोर मचाते हुए ट्रक के पीछे दौड़े तो योगेश थ्वाल ट्रक से कूदकर भाग गया। जबकि संजय भट्ट और रविन्द्र उर्फ रविश उसकी बहन को लेकर ट्रक समेत चंपावत की ओर भाग गए। बाद उन्होंने उसकी बहन को धौन गधेरे के पास उतार दिया और चंपत हो गए। उधर, पीछा कर रहे ग्रामीणों ने आर्मी कैंट के पास बमुश्किल ट्रक को रोक लिया। ट्रक रुकते ही रविन्द्र उर्फ रविश कूदकर भाग गया जबकि संजय भट्ट को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में ग्रामीणों ने रविन्द्र उर्फ रविश को भी पकड़ लिया। फिर उन्होंने दोनों को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

### अश्लील ऑडियो मामले में इंस्पेक्टर पर रिपोर्ट

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के धरना प्रदर्शन के चंद घंटे बाद ही एसएसपी के आदेश पर अश्लील ऑडियो के आरोपी तत्कालीन पंतनगर थाना प्रभारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। प्रकरण में जहां एसएसपी ने आईपीएस महिला प्रशिक्षु एवं सीओ सदर की रिपोर्ट और सिडकुल चौकी प्रभारी द्वारा शांति व्यवस्था की रिपोर्ट को आधार बनाया है। विगत दिनों किच्छा विधायक बेहड़ को पंतनगर की एक युवती द्वारा ऑडियो मुहैया कराया गया था। इसमें तत्कालीन पंतनगर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी युवती से अश्लील बातें कर रहे थे। बेहड़ द्वारा अश्लील ऑडियो प्रकरण डीजीपी के सामने उठाया तो डीजीपी ने प्रारंभिक जांच कर मुकदमा दर्ज करने और निलंबन के आदेश दिए थे। पुलिस मुख्यालय का आदेश मिलते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर को जांच के आदेश दिए थे। उनके द्वारा की गई जांच के आधार पर थाना प्रभारी को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच कर दिया था।

## बिजनौर

# मोहर्रम के जुलूस एवं कांवड़ मार्गों की करें निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम, कांवड यात्रा, रक्षा बन्धन, जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से आगामी त्योहारों की तैयारी के बारे में जानकारी की। साथ ही उन्होंने जिले के समस्त थानों से आए लोगों से थानावार व विभिन्न स्थानों पर निकाले जाने वाले मोहर्रम के जुलूस एवं कांवड़ यात्रा के मार्गों के बारे में जानकारी की। उन्होंने निर्देश दिए की जिले के मुख्य मार्गों जहां कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम जुलूस गुजरते हैं, उन सभी मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारी सभी मुख्य मार्गों का निरीक्षण करें तथा ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग सुनिश्चित करें और रात्रि प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें। जिले के मुख्य मार्गों पर सामुदायिक शौचालय की सफाई तथा सभी की सूची बनाकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी, सीओ एवं थानाध्यक्ष से अपने-अपने क्षेत्र में ताजियों के जुलूस का मार्ग का निरीक्षण करने के लिए कहा। मुख्य जुलूस वाले दिन आवश्यकता अनुसार यातायात डायवर्जन करने के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा की तैयारी करने तथा कांवड़ यात्रा से जुड़े अधिकारी आवंटित क्षेत्र का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके रास्ते में कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कांवड़ यात्रा की दृष्टिगत मुख्य मार्ग पर कांवड़ियों के लिए एंबुलेंस एवं अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था सहित चिकित्सा शिविरों की व्यवस्था तथा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मोहर्रम की तैयारियों को लेकर एवं नगर पालिकाओं एवं पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने के साथ सफाई, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कहा कि त्योहारों पर कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज, पूर्वी धर्म सिंह मार्छल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




बैठक में निर्देश देते जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक व साथ में अन्य अधिकारी।

- जिलाधिकारी ने त्योहारों से पहले समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# कॉलेज के चौकीदार को बंधक बनाकर लाखों का सामान चोरी

संवाददाता, नगीना

- चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बदमाशों ने कन्या इंटर कॉलेज के चौकीदार को मारपीट कर बंधक बनाया और कॉलेज से बैटरी व नकदी सहित कई लाख का सामान लूट कर ले गये। घटना के संबंध में स्कूल के चौकीदार ने पुलिस को तहरीर दी है।

मंगलवार रात एक बजे करीब कई चोर धामपुर-नगीना मार्ग पर आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की दीवार फांदकर अंदर घुसे और ग्राम पुरैनी निवासी कालेज के चौकीदार जगदीश सिंह को मारपीट कर बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने कॉलेज के कमरों के ताले तोड़कर सोलर पैनल के इनवर्टर की 11 बैटरी, 2 इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर, एक गैस सिलेंडर व 6100 रुपये सहित करीब चार लाख का सामान ले गए। चोर सभी सामान वाहन में भरकर ले गये। चोरों के जाने के बाद चौकीदार ने किसी तरह अपने हाथ-पैर खोले और गांव वालों का मामले की सूचना दी। सूचना मिलने पर बुधवार सुबह पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार वशिष्ठ व थाना प्रभारी प्रवेश पाठक फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल कर मामले की जानकारी ली। घटना के संबंध में कॉलेज के चौकीदार जगदीश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी प्रवेश पाठक ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



नगीना क्षेत्र में खेतों में भरा पानी। ● अमृत विचार

# तेज बारिश से खेतों में भरा पानी, धान की रोपाई शुरू

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** बुधवार दोपहर दो बजे तेज हवा एवं बिजली की तेज चमक के साथ बारिश हुई। कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला में 165 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि सुबह 7 बजे आद्रता 98 फीसदी तथा दोपहर में 2 बजे 88 फीसदी दर्ज की गई। आद्रता अधिक होने के कारण आगे भी मौसम खराब होने तथा तेज बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया। कई स्थानों पर धान की रोपाई शुरू हो गई और आम के बागों में पानी भरने से आम की तुड़ाई रुक गई है। जिसके कारण बाजारों में आम कम पहुंचा। पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश के कारण क्षेत्र में बहने वाली नदियों में भी पानी का जलस्तर बढ़ने लगा है।

## तालाबों का पानी निकलवाने की मांग

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** बारिश शुरू होते ही गांव हिदायतपुर चौहड़वाला में तालाबों के पानी की निकासी बन्द हो गई। ग्रामीणों ने एसडीएम से यहां नाले का निर्माण कराने की मांग की है।

गांव टांडा चौहड़वाला व हिदायतपुर के ऋषिपाल सिंह, घनश्याम सिंह, रामगोपाल, ग्यासुद्दीन, शहजाद अहमद, सत्यवीर सिंह, आफताब आलम, विष्णु सिंह, जगवीर सिंह, भावेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह तथा वकील अहमद का कहना है कि गांव में मुख्य मार्ग के दोनों तरफ तालाब है। दो गांवों का पानी इन्हीं तालाबों से निकलकर गांव से बाहर जाता है। लेकिन तालाब के पानी निकासी के लिये कोई स्थायी नाला नही है। जिन खाली प्लाटों से तालाब के पानी की निकासी होती थी। वहां निर्माण हो जाने पर पानी की निकासी पूरी तरह से बन्द हो गई है। एसडीएम धामपुर रितु चौधरी का कहना है कि मुआयना कर शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# टोल के विरोध में भाकियू का धरना जारी

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार :** ग्राम भनेड़ा में मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को भी जारी रहा। टोल प्लाजा पर भाकियू के सदस्यों ने कर्मियों को टोल वसूलने नहीं दिया। इस बीच नगर की बार एसोसिएशन ने किसान यूनियन को अपना समर्थन दिया है।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने टोल कर्मियों की हठधर्मिता के खिलाफ भनेड़ा टोल प्लाजा पर धरना दिया और टोल का विरोध किया। किसानों के विरोध के चलते टोल कर्मियों ने टोल नहीं वसूला। किसान संगठनों ने मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर स्थित कई स्थानों पर अधूरे पड़े पुलों के निर्माण को पूरा करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देवदास शर्मा ने बताया कि 51 किलोमीटर के हाईवे पर बहुत जगह कार्य अधूरा है। जब तक हाईवे का कार्य पूरी तरह पूर्ण नहीं होगा, टोल वसूलने नहीं देंगे। हमारा धरना जारी रहेगा। वहीं किसान नेता आदिल जैदी, जिबरीश प्रधान, विजयपाल सिंह एवं कैलाश पाल का कहना है कि शकरपुरी-अकबराबाद व छितावर-किरतपुर मार्ग एवं किरतपुर से बिजनौर मार्ग पर सड़क एवं पुल का कार्य अधूरा है। नहटौर रोड पर पुल का कार्य चल रहा है जो अभी पूरा नहीं हो पाया है। नगर के बार एसोसिएशन अध्यक्ष रवि मेहरा व उनकी टीम ने भाकियू को अपना समर्थन देने की बात कही है। इस दौरान बाबू राम तोमर, सोमदत्त शर्मा, आदिल जैदी, रवि मेहरा, सुनील अग्रवाल, खुर्शीद अहमद, अमान चौधरी, हसन अली चौधरी, वसीम चौधरी, मोहन लाल, नरदेव सिंह, अशोक कुमार, सुखबीर सिंह, पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह, डॉ. कैलाश पाल, संजू सिंह आदि रहे।




भनेड़ा में टोल प्लाजा पर धरने में शामिल किसान। ● अमृत विचार

# मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश किया

संवाददाता, अफजलगढ़

- मामले में चार नामजद आरोपियों पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरलीवाला निवासी तीन लोगों को लाठी-डंडों से मारपीट में नामजद वांछित तीन आरोपियों को पुलिस ने शुगर मिल तिराहे के नजदीक गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

गांव मुरलीवाला निवासी आशू सिंह पुत्र रामपाल सिंह ने गांव मुरलीवाला में एक जुलाई को शाम आठ बजे एक पुराने मामले को लेकर पंचायत को सूचना दी थी। जब मामला सुलझ गया तो इसके बाद आरोपी अनिल कुमार पुत्र दीपचन्द, अरूण कुमार पुत्र सुनील, विशाल कुमार पुत्र संजय तथा देवा कुमार पुत्र दिनेश ने वाहन खड़ा करते समय पीड़ित पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित व उसके भाई विकास सिंह सहित पिता रामपाल सिंह के पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान विकास सिंह को भी पीटा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा के निर्देश पर आरोपियों के गिरफ्तारी को लेकर एसएसआई श्रीपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। बुधवार को अफजलगढ़ शुगर मिल तिराहे के नजदीक पुलिस ने शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव बालकिशनपुर निवासी विशाल कुमार पुत्र दिनेश कुमार व देवा कुमार उर्फ अभिषेक पुत्र संजय सिंह तथा गांव मुरलीवाला थाना अफजलगढ़ निवासी अरूण कुमार पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

